फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 241 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

25 फरवरी 2025 मंगलवार

आज का मौसम

29 अधिकतम

16 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेशकों के साथ संभावना वाले क्षेत्रों के लिए अलग-अलग मंथन का दौर

# मप्र में अब अर्बन डेवलपमेंट के लिए अलग से समिट कराने का ऐलान

- शाम को अमित शाह करेंगे समिट का समापन

- निवेश का आंकड़ा 35 लाख करोड़ तक जाने का अनुमान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आज अपने समापन की ओर बढ रही है। इसके पहले निवेश के प्रस्तावों पर उद्योपतियों के साथ गहन मंथन के दौर जारी है। कई अलग अलग क्षेत्र की संभावनाओं पर अफसरों संग उद्योगपतियों की मीटिंग जारी हैं। इनमें पर्यटन, सौर ऊर्जा,खनिज,शहरी विकास,एमएसएमई पर खास फोकस है। माना जा रहा है कि इस समिट में शाम तक निवेश के ठोस करार अपनी शक्ल अख्तियार कर लेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समापन सत्र में मौजूद रहेंगे। आज दूसरे दिन की शुरूआत अनलॉकिंग लैंड वैल्यू इन सिटीज विषय पर सेशन से हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से छोटे शहरों को विकास का मौका मिला है। वहां के लोगों के मन में यह भाव जागा है कि वे भी उद्योगपति बन सकते हैं। इंदौर और भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट के लिए अलग से समिट करेंगे। केंद्रीय शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी समिट में पहुंचे हैं। उन्होंने डिजिटल हैरिटेज वॉल देखी। बाग प्रिंट की डाई से कपड़े पर ब्लॉक (छापा) लगाया। कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समिट का उद्धाटन किया था। इसमें अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी समेत देश-विदेश के उद्योगपति शामिल थे।




## खट्टर बोले- सस्ते मकानों की ज्यादा जरुरत

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री खट्टर ने कहा- रियल एस्टेट सेक्टर में डेवलपमेंट के लिए जो भी सुझाव मिलेंगे, केंद्र सरकार उन पर काम करेगी। 2047 तक देश की नगरीय आबादी कुल आबादी का 50प्रशित तक हो जाएगी। ऐसे क्षेत्रों में बढ़ती आबादी के हिसाब से सारे मापदंड तय करने पड़ेंगे। टीओडी पॉलिसी का जिक्र करते हुए मंत्री खट्टर ने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत सस्ते मकानों की है। खट्टर ने पीएम आवास की अगली योजना में राज्य सरकार द्वारा दिए गए 10 लाख आवासीय मकान के प्रस्ताव को मंजूरी देने का आश्वासन भी दिया।

## इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी मप्र के गांवों तक

प्रमुख सचिव, नगरीय विकास संजय शुक्ला ने अनलॉकिंग लैंड वैल्यू इन सिटीज विषय पर प्रेजेंटेशन में कहा कि - अफॉर्डेबल हाउसिंग में मध्यप्रदेश सरकार ने अच्छा काम किया है। सरकार आने वाले समय में शहरों के विकास के लिए बॉन्ड जारी करेगी। इसमें ऐसे शहरों को शामिल किया जाएगा, जो खुद अपना बॉन्ड जारी नहीं कर सकते।

## निवेश प्रस्तावों का 'टोटल' शाम तक, ऊर्जा पर जोर ज्यादा

मप्र की ग्लोबल समिट में आने वाले निवेश प्रस्तावों का कुल आंकड़ा शाम तक सामने आने के आसार हैं। अभी तक पर्यटन,आईटी,सौर ऊर्जा,खनिज,स्किल डेवलपमेंट,टेक्सटाइल,स्वास्थ्य,उच्च शिक्षा, फूड प्रोसेसिंग में करीब 20 लाख करोड़ के निवेश की इच्छा निवेशकों ने दिखाई है। नवकरणीय ऊर्जा में सबसे ज्यादा निवेश आने के आसार हैं इसमें साढ़े पांच लाख करोड़ के प्रस्ताव आये हैं वहीं उद्योंगों के लिये पांच लाख करोड़ के प्रस्ताव हैं। अडानी ग्रुप ने भी दो लाख करोड़ का प्रस्ताव दिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों उप्र को ग्लोबल समिट में 40 लाख करोड़ और राजस्थान को 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले थे।

## सीएम बोले-भोपाल को विकसित करना है

इस मौके पर सीएम यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से छोटे शहरों को विकास का मौका मिला है। कई अफसरों ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल नहीं, इंदौर में होनी चाहिए तो मैंने कहा कि इंदौर को यदि दिल्ली और बड़े शहरों की तरह विकसित करना है। तो भोपाल और अन्य शहरों को इंदौर की तरह विकसित करना है, इसलिए भोपाल में ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की जाएगी। इंदौर और भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट के लिए अलग से समिट करेंगे।

## विजयवर्गीय बोले- अर्बनाइजेशन की आवश्यकता

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा- अर्बनाइजेशन आज की आवश्यकता है। 2047 तक प्रदेश की जनसंख्या 7 फीसद बढ़ जाएगी। प्रदेश के विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने 2 महीने में 18 नई पॉलिसी बनाई हैं। ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। मध्यप्रदेश में इन्वेस्टमेंट की भारी संभावनाएं हैं। इन्वेस्टर्स के लिए मंत्री के रूप में मेरे दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे।

# अमेरिका ने यूएन में मारी पलटी रूस की निंदा से किया इनकार

## भारत वोटिंग से रहा दूर

**नईदिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका ने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेनी प्रस्ताव के खिलाफ रूस के समर्थन में वोटिंग कर दी। यूक्रेन ने रूस के साथ युद्ध को 3 साल पूरे होने पर यूएन में प्रस्ताव पेश कर रूसी हमले की निंदा करने और यूक्रेन से तत्काल रूसी सेना को वापस बुलाने की मांग की थी। मगर अमेरिका ने अपनी पुरानी नीतियों के उलट साथी यूरोपीय देशों के खिलाफ जाकर इस प्रस्ताव के विपक्ष में मतदान किया। जबसे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरुआत हुई, तब से पहली बार अमेरिका और इजराइल ने यूक्रेन के खिलाफ वोट किया है। अमेरिका ने भी तीन पैराग्राफ का प्रस्ताव पेश किया। इसमें न तो रूसी हमले का जिक्र किया न ही किसी तरह की निंदा की। उसने कहा कि लड़ाई को जल्द खत्म करके यूक्रेन और रूस के बीच स्थायी शांति की अपील करता है। जबकि भारत व चीन समेत 65 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया।

## हांक रहे थे ट्रंप, मैक्रो ने हाथ पकड़ा



उधर, अमेरिका यात्रा पर पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने राष्ट्रपति ट्रंप का झूठ पकड़ा तथा दर्जनों पत्रकारों के सामने उनके झूठ को दुरुस्त किया। कसमसाये ट्रंप झेंप कर रह गए। वाकया तब हुआ जब ट्रम्प ने दावा किया कि यूरोप यूक्रेन को पैसे उधार दे रहा है और अपना पैसा वापस ले रहा है। जबकि अमेरिका ने यूक्रेन को जंग लड़ने के लिए असली पैसा दिया है। तभी मैक्रों ने ट्रंप का हाथ पकड़कर रोका कहा- सच कहूं तो हमने पेमेंट किया है, इस जंग में जितना खर्च हुआ है उसका 60 फीसदी भुगतान हमने किया। अमेरिका ने लोन, गारंटी, ग्रांट दिया लेकिन हमने असली पैसा दिया।

# दक्षिण की ओर भाजपा अध्यक्ष के नाम के ऐलान की घड़ी करीब आई

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने सालभर में हरियाणा, महाराष्ट्र और फिर दिल्ली चुनाव में जीत के बाद अब अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन पर मंथन तेज कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ संघ की कसौटी पर कौन सा चेहरा फिट बैठेगा? इसको लेकर कई नामों की चर्चा तेज हो चली है। जब गुजरात में पार्टी ने 182 सीटों में 156 सीटों पर कब्जा जमाते हुए सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी तब सीआर पाटिल को जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा गया था, लेकिन अब दक्षिण भारत से बीजेपी के नए राष्ट्रीय के आने की संभावना व्यक्त की जा रही है और तीन नेताओं के नामों की चर्चा है। मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक तीनों नामों पर बीजेपी और संघ दोनों की सहमति बन सकती है। अगर ऐसा होता है बीजेपी को दक्षिण में अपना विस्तार करने में मदद मिलेगी। बीजेपी के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर कोयला एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, लोकसभा सदस्य और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का नाम है। इनमें रेड्डी और बंडी संजय कुमार दोनों तेलंगाना से आते हैं जबकि जोशी कर्नाटक से हैं। मोदी 3.0 सरकार के बाद शिवराज सिंह चौहान के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की अटकलें लगी थीं, हालांकि उन्हें कृषि मंत्री का दायित्व सौंप दिया गया था।

# द बर्निंग बसः सीकर में पचास मुसाफिरों ने कूदकर बचाई जान

**सीकर।** राजस्थान में सीकर जिले के रींगस थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर सरगोठ के समीप जयपुर से खाटूश्याम जा रही जयपुर डिपो की रोडवेज बस में अज्ञात कारणों से आग लगने से सनसनी मच गई। बस में सवार करीब 50 सवारियों ने कूदकर जान बचाई। आग लगने का आभास होने पर चालक ने बस को सड़क किनारे स्थित होटल के सामने खड़ा कर दिया था। नगर पालिका की दमकल ने मौके पर पहुंच कर करीब 40 मिनट की मशक्कत से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी। सभी यात्री सकुशल है। जयपुर की यह बस खाटूश्यामजी जा रही थी जो सरगोठ के समीप पहुंचने पर आग की भेंट चढ़ गई।

# प्रयाग फुल : शाम से नो एंट्री, कल कुंभ मेले का आखिरी दिन, प्रशासन मुस्तैद

**प्रयागराज।** महाकुंभ का कल यानी महाशिवरात्रि को आखिरी दिन है। लिहाजा आज सुबह से फिर मेले में जबरदस्त भीड़ है। आसपास के जिलों से लोग पहुंच रहे हैं। प्रयागराज शहर के सभी एंट्री पॉइंट पर जाम लगा है। पुलिस धीरे-धीरे वाहनों को निकाल रही है। मगर बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने आज शाम 6 बजे से प्रयागराज कमिश्नरेट यानी शहर को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया। यानी, शाम से कोई भी वाहन शहर में एंट्री नहीं कर पाएंगे। वहीं, मेला क्षेत्र शाम 4 बजे से नो-व्हीकल जोन हो जाएगा। आज भी भीड़ को देखते हुए सुबह से ही प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10 किमी पहले पार्किंग में रोका जा रहा है। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं।

# अकाउंट ब्लॉक हुआ तो अनुपम ने मस्क से मांगा जवाब

**मुंबई, एजेंसी**

अभिनेता अनुपम खेर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयरकर बताया है कि उनका एक्स अकाउंट कुछ दिन पहले ऑटोमैटिक लॉक कर दिया गया। अब उन्होंने एक्स के मालिक



एलन मस्क से इसका जवाब मांगा है। खेर ने अपने एक्स हैंडल का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया। इसमें बताया गया कि उनका अकाउंट लॉक हो गया। स्क्रीनशॉट में लिखा था, आपका अकाउंट लॉक कर दिया गया है क्योंकि एक्स को आपके अकाउंट पर शेयर की गई पोस्ट के लिए डिजिटल मिलेनियम कॉपीराइट एक्ट का नोटिस मिला है।

**मेट्रो एंकर**

## दक्षिण भारत के मंदिरों का रिवाज : सुनील शेट्टी आए आगे

# परंपरा भी दया भी.. मंदिरों में अब यांत्रिक हाथी के जरिए अनुष्ठान

**बेंगलुरू, दोपहर मेट्रो।**

सदियों से हाथी दक्षिण भारत के मंदिर उत्सवों का मुख्य आकर्षण रहे हैं, जिनमें प्रसिद्ध मैसूर दशहरा और केरल, उडुपी, तमिलनाडु और कर्नाटक के मंदिरों में होने वाले कार्यक्रम शामिल हैं। मगर इस परंपरा का एक पक्ष यह भी है कि 'बंदी हाथियों' में संघर्ष या भगदड़ जैसी स्थिति भी बनी है। जिसके कारण संपत्ति का विनाश हुआ और महावतों, रखवालों और उत्सव में शामिल होने वालों की मौत तक हुई है। लिहाजा अब मंदियों में यांत्रिक हाथी रखने की पहले हो रही है। हाल में फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने गैर सरकारी संगठनों पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स यानि पेटा इंडिया और कम्पैशन अनलिमिटेड प्लस एक्शन के साथ मिलकर कर्नाटक के तवरेकेरे में श्री उमामहेश्वर वीरभद्रेश्वर मंदिर को उमामहेश्वर नाम का एक आदमकद यांत्रिक हाथी उपहार में दिया है। यह उपहार मंदिर के उस प्रगतिशील निर्णय के सम्मान में दिया गया है, जिसमें जीवित हाथियों को कभी नहीं रखने या किराए पर नहीं रखने का निर्णय लिया गया है। यह जानवरों के प्रति दयालु परंपराओं के लिए एक उदाहरण बन गया है।

यह यांत्रिक हाथी भक्तों को वास्तविक जानवरों को कैद या संकट में डाले बिना सांस्कृतिक अनुष्ठान जारी रखने की अनुमति देता है। कल उमामहेश्वर का श्रीउमामहेश्वर वीरभद्रेश्वर मंदिर में गर्मजोशी और उत्सवपूर्ण स्वागत किया गया, अब यह मंदिर दावणगेरे जिले का पहला ऐसा मंदिर बन गया है, जिसने इस तकनीक को अपनाया है और वास्तविक जानवर की प्रथा को त्यागा है। आगे चलकर उमामहेश्वर मंदिर के अनुष्ठानों में भाग लेंगे, जिससे परंपराएं सुरक्षित और क्रूरता-मुक्त तरीके से जारी रहेंगी। इस पर सुनील शेट्टी ने कहा है कि जंगली हाथी बीज फैलाने वाले होते हैं और पेड़ों पर अपने प्रभाव के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। हाथियों के कल्याण और पृथ्वी की खातिर मैं इस महत्वपूर्ण परियोजना पर पेटा और कूपा के साथ काम करने के लिए रोमांचित हूं।



यांत्रिक हाथी

## हाथी को माना जाता है पवित्र

उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत के मंदिरों में हाथियों को पवित्र माना जाता है और उन्हें पूजनीय दर्जा दिया गया है. हाथियों को धार्मिक समारोहों, त्योहारों, और जुलूसों में शामिल किया जाता है। मगर कर्नाटक और केरल के वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले 14 वर्षों में दक्षिण भारत में त्योहारों के दौरान हाथियों से जुड़ी घटनाओं में 350 से ज़्यादा लोगों की मौत हुई है। जनवरी 2024 में कर्नाटक और केरल के मंत्रियों की संयुक्त बैठक के दौरान इस बात पर गौर किया गया था।

# माशिमं: प्रदेश में 3 हजार 887 केंद्रों पर आज से शुरू हुई 12वीं की परीक्षा

## कड़ी जांच के बाद मिला प्रवेश, 12वीं की परीक्षा में लगभग 7 लाख 6 हजार 475 छात्र शामिल हो रहे हैं, परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे की शिफ्ट में आयोजित की जा रही है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में 3 हजार 887 परीक्षा केंद्रों पर आज से मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं हिंदी के पेपर के साथ शुरू हो गई हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे की शिफ्ट में आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा में लगभग 7 लाख 6 हजार 475 छात्र शामिल हो रहे हैं। परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने और नकल पर सख्ती के लिए नए नियम लागू किए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थी परीक्षा केंद्र पर करीब एक घंटे पहले ही पहुंच गए थे। विद्यार्थियों को क?ी जांच के बाद परीक्षा कक्ष में आधे घंटे पहले प्रवेश दिया गया। इस दौरान प्रवेश पत्र, पानी की ट्रांसपेरेंट बोतल और पेन के लिए ट्रांसपेरेंट बॉक्स ही ले जाने की अनुमति दी गई। मंडल के निर्देशानुसार, परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यदि किसी परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका की सिलाई उख?ी पाई गई, तो इसे नकल की श्रेणी में माना जाएगा और उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे अनुशासन बनाए रखें और परीक्षा में ईमानदारी से शामिल हों। सभी संसेटिव केंद्रों के आसपास उ?नदस्ते तैनात किए गए हैं। यह दल सुबह 9 से 12 बजे के बीच किसी भी केंद्र पर जाकर निरीक्षण करेंगे।

**27 को दसवीं का पहला पेपर हिंदी:** वहीं, 10वीं बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। इसका भी पहला पेपर हिंदी का रहेगा। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9,53,777 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।



**केंद्रों पर विशेष निगरानी, जैमर और सीसीटीवी भी लगाए:** इस बार दोनों कक्षाओं की परीक्षा के लिए 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जैमर के साथ ही सीसीटीवी कैमरों से लैस केंद्रो पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

**केंद्रों पर रखी गई ईमानदारी की पेटी:** इस बार परीक्षा केंद्रों पर ईमानदारी की पेटी नामक अनोखी पहल की गई है। मंडल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एक पेटी गई हैं। जिसमें छात्र अपनी स्वेच्छा से किसी भी प्रकार की नकल सामग्री, जैसे गाइड, चिट आदि डाल सकेंगे। इस पेटी पर स्पष्ट रूप से लिखा होगा कि यह पेटी स्वेच्छा से नकल सामग्री परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले जमा करने के उद्देश्य से रखी गई है। यदि कोई छात्र परीक्षा कक्ष में नकल सामग्री के साथ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ परीक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**इस साल 47 हजार विद्यार्थी कम:** माशिमं की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में इस साल विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 47 हजार कम है। इस साल दोनों कक्षाओं में 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं पिछले साल 17.07 लाख शामिल हुए थे।

**सीबीएसई- 10वीं का आज सोशल साइंस का पेपर :** सीबीएसई बोर्ड एग्जाम की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। परीक्षाओं का दूसरा हफ्ता शुरू हो गया है। मंगलवार को 10वीं का सोशल साइंस का पेपर है। वहीं सीबीएसई 12वीं की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा भी आयोजित की जा रही है।

## वसंत बहार





भोपाल। राजधानी में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। वसंत के मौसम में हल्की सर्दी भी है हवायें भी हैं और दोपहर की तेज धूप भी है। इसके चलते पेड पौधों की रंगत भी बदली हुई है। पेडों पर वसंत का रंग भी नजर आ रहा है तो आम पर बौर भी दिखने लगे हैं।

## नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता में जयेश को प्रथम पुरस्कार मिला



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

विन नेशनल स्पेल बी स्कूल लेवल कॉम्पिटिशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विद्या सागर पब्लिक विद्यालय के 176 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें तीन विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों को नेशनल स्पेल बी की कोऑर्डिनेटर संगीता माहेश्वरी द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । प्रथम पुरस्कार जयेश जगवानी, द्वितीय पुरस्कार की प्रियल लालवानी एवं तृतीय पुरस्कार आलिया पथरोड ने हासिल किया। अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। स्कूल के निदेशक भगवान दामानी एवं प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने बच्चों को बधाई दी।

## धार्मिक स्थल व स्कूल के नजदीक शराब की दुकान, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के 3 मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के अशोका गार्डन स्थित राजीव नगर सेमराकलां मुख्य मार्ग पर धार्मिक स्थल एवं स्कूल के नजदीक शराब की दुकान संचालित होने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, रहवासी क्षेत्र में शराब की दुकान संचालित होने से आये दिन शराबियों की हरकतों से स्थानीय रहवासी, महिलाएं और स्कूली बच्चों को परेशान होना प?ता है। इस संबंध में ब?ी संख्या में स्कूली बच्चों एवं क्षेत्र की महिलाओं ने शराब की दुकान संचालित होने का विरोध किया और दुकान हटाने की मांग भी की है। मामले में आयोग ने जिला आबकारी अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का




प्रतिवेदन भी मांगा है।

**जिम्मेदारों ने नहीं हटाए खंभे, रहवासी परेशान:** भोपाल शहर के कोलार क्षेत्र स्थित दानिशकुंज के रहवासियों को उनके घर के सामने लगे विद्युत बिजली के खंभे के चलते कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी द्वारा शिकायत करने के दो महीने बीतने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से उन्हें कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने मामले में कार्यपालन यंत्री, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि., भोपाल से जवाब मांगा है।

**मनचले ने की छात्रा से छेड़छाड़:** भोपाल शहर के कोलार इलाके में स्कूल से आते-जाते समय एक मनचले द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। मनचले युवक की प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने युवक की मां को इसकी शिकायत की तो वह पीडित छात्रा के साथ ही अभद्रता करने लगी। इसके बाद पीडिता छात्रा ने महिला पुलिस थाने में जाकर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ करने की शिकायत दर्ज कराई। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर से जवाब मांगा है।

## दो सौ मस्जिदों के इमाम और मुअज्जिनों ने मसाजिद कमेटी से वेतन बढ़ाने की मांग की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल रियासत के दौर से इमाम और मुअज्जिनों को पारितोषिक देने का सिलसिला चल रहा है। रियासत में भोपाल के अलावा सीहोर और रायसेन भी शामिल थे। मर्जर होने के बाद भी यह सिलसिला जारी है। इस दौरान कमेटी की ओर से बताया गया कि मर्जर एग्रीमेंट के दौरान यह शर्त थी। लेकिन अभी तक स्थिति में बदलाव नही हुआ है। रमजान माह में रोजे और तरावीह का सिलसिला शुरू होगा। इमाम कुरान सुनाएंगे। इनकी व्यवस्ता इस माह बढ़ जाएगी। ऐसे में इनके वेतन में इजाफे की मांग की गई। इन्हें मसाजिद कमेटी से अभी पांच हजार रुपए मिलते हैं। राजधानी सहित सीहोर और रायसेन में दो सौ इमाम और मुअज्जिनों को मसाजिद कमेटी वेतन देती है। हर माह करीब पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। यहां भी कई बार इनका वेतन अटक चुका हैं। जमीयत उलेमा की ओर से मसाजिद कमेटी को इनके वेतन में इजाफे के लिए पत्र लिखा जाएगा। जमीयत के मुताबिक ईद खुशी का मौका है। रमजान में इबादत के साथ लोग इसकी भी तैयारी करते हैं। इमाम और मुअज्जिन भी ईद की खुशियां मना सके इसके लिए यह मांग की गई है।

## संतनगर में शिवरात्रि उत्सव सिंधी भक्त, कालसर्प पूजा, दो दिवसीय आयोजन की आज से शुरूआत

**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम नगर में स्टेशन रोड स्थित उमापति महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। शिव मण्डली व मंदिर के मुख्य सेवाधारी चन्द्र कुमार रामचंदानी व हीरो केसवानी ने बताया कि मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विगत 60 वर्षो से मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत 25 फरवरी को मंगलवार शाम 6 बजे होगी, शिव महाशिवरात्रि मेले की शुरूआत विधायक रामेश्वर शर्मा, समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी व पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी व शिव भक्त करेंगे। इसके पश्चात् रात्रि 9 बजे से अजमेर के भगत ढोलण शर्मा व पवन एण्ड पार्टी लखनऊ वालों की भगत आयोजित की जाएगी। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन प्रात: 05 बजे से 06 बजे तक शिवअभिषेक, 06 बजे से 10.30 बजे तक हवन का कार्यक्रम, 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक आम भण्डारा किया जाएगा।

## सिंधियों की समस्याओं पर गंभीरता से सोचे सरकार

### ताशकंद सम्मेलन : चार दिवसीय हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन से लौटे संतनगर से गए प्रतिनिधि

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय सिंधी समाज ने 28वां राष्ट्रीय सम्मेलन फिर विदेशी धरती ताशकंद में सम्मेलन किया। विदेशी धरती से भारत सरकार से वाजिब हकों की मांग की। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के प्रतिनिधि पहुंचे। संतनगर से राष्ट्रीय महासचिव आनंद सबधाणी, कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, समाज सेवी रमेश वाधवानी, मनोज कृपलानी के अलावा रायपुर से महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा राजपाल पहुंचने वालों में प्रमुख थे। चार दिवसीय सम्मेलन सोमवार को समाप्त हुआ। सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों ने ताशकंद के प्रमुख पर्यटन स्थलों की प्रतिनिधियों ने सैर भी की। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**इन मुद्दों पर हुई चर्चा:** अभा सिंधी समाज के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार सुरेश जसवानी ने बताया कि बताया कि ताशकंद सम्मेलन में सिंधी समाज ने सम्मेलन में भारत सरकार से सिंधी लिपि को रोजगार से जोड़ने, राजनीतिक आरक्षण के लिए जहां 5 हजार सिंधी हैं, वहां पार्शद की टिकट, 50 हजार पर विधायक एवं दो लाख सिंधी आबादी हो तो सिंधी भाशी को सांसद का टिकट दिया जाए, भारत में पृथक सिंधी प्रदेश बनाया जाए। सम्मेलन में सरकार से आजादी के 77 साल बाद भी मध्यप्रदेश सहित जिन प्रदेशों में सिंधी विस्थापित परिवारों को उनकी प्रापर्टी का मालिकाना हक नहीं मिला है, उसके लिए भी गंभीरता से प्रयास करने की मांग की गई। सम्मेलन सिंधी लिपि एवं संस्कृति के उत्थान, देश के अलग अलग राज्यों में अभा सिंधी समाज की की शाखाओं की स्थापना करना, सदस्य संख्या बढ़ाना, इकाइयों का परिचय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन कराने, समाज के सहयोग से जगह जगह सिंधी वृद्धाश्रमों की स्थापना, मृत्यु भोज पर पूरी तरह से रोक, भारत सरकार की जनसंख्या फार्म में सिंधी जाति एवं धर्म के उल्लेख पर चर्चा, पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए फैसला आदि पर चर्चा की गई।



**मेट्रो एंकर**


### उम्र बढ़ने के साथ बीमारियों का बोझ भी बढ़ा, स्वस्थ रहना है तो एक्टिव रहें

## तनाव और डिस्प्ले डिवाइस बढ़ा रहा है बीमारियों का बोझ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एक सर्वे के अनुसार अधिक आयु तक जीवत रहने वाले व्यक्ति औसतन एक दशक से ज्यादा बीमारियों से पीड़ित रहते हैं। बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाओं से जीवन में कुछ सालों में वृद्धि हुई लेकिन वे इन अतिरिक्त समय का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसकी वजह लंबे समय तक बीमारियों का सामना करना है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और इलाज से लोगों की औसतन आयु बढ़ी है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ बीमारियों का बोझ भी बढ़ा है। चिकित्सकों के अनुसार राजधानी भोपाल में सुख सुविधाओं के आदी हो चुके लोग अपने जीवन में 10 से 15 साल का समय बीमारियों से लड़ते हुए गुजार रहे हैं, जो ना केवल उनके व्यक्तिगत जीवन गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके इलाज में होने वाला आर्थिक बोझ भी बढ़ा रहा है।

**सक्रिय रहने से रोग रहते हैं दूर:** चिकित्सकों का कहना है कि व्यक्ति को यदि स्वस्थ रहना है तो वह हमेशा सक्रिय रहे। सुबह जल्दी उठ कर अपनी दिनचर्या शुरू करे। डिजिटल वर्ल्ड से दूर रहकर सामाजिक रूप से ज्यादा एक्टिव रहें। यदि ऐसा करते हैं तो एक सौ साल से अधिक आयु के बुजुर्ग भी अपने पसंदीदा कार्य और समाज में योगदान के लिए काम करते रह सकते हैं।



### बॉडी पेन के सबसे ज्यादा मरीज

सुविधाओं ने शारीरिक मेहनत को कम कर दिया है। जिससे अब 40 - 45 साल से लोगों में फोजन शोल्डर, बैक पेन समेत शरीर अलग अलग जगह दर्द की समस्या बढ़ गई है। फिर वे और आराम करते हैं, समस्या बढ़ती जाती है और टेप्रेरी प्रॉब्लस परमानेंट बन जाती है। ऐसा ना हो इसके लिए जरूरी है के व्यक्ति जरूरी एक्सरसाइज करें। ऐसा लंबे समय तक व्यक्ति अपनी इच्छा से कर सकता है। किसी के समझाने से नहीं। डॉ. तपस्या तोमर, फिजियोथेरेपिस्ट

### पौष्टिक भोजन लें, स्वस्थ रहेंगे

खराब जीवनशैली का असर हमारे शरीर पर हो रहा है। पौष्टिक खाने के अभाव में विटामिन नहीं मिल पाते जिससे होमोसिस्टटीन की मात्रा बढ़ जाती है। हार्ट अटैक के करीब 60 फीसदी मामलों में होमोसिस्टीन बढ़ा हुआ होता है।

### यह भी जानना जरूरी

- **नशा** : धूम्रपान, मादीरा, ड्रग का सेवन शरीर को मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर करता है।
- **डिस्प्ले डिवाइस** : मोबाइल व लैपटॉप का अधिक उपयोग आंखों, रीढ़ की हड्डी के नेचुरल कर्व, मस्तिष्क समेत पूरे शरीर को प्रभावित करता है।
- **जीवनशैली** : जीवनशैली बिगड़ने पर फैट बढ़ता है मसल्स व हड्डियां कमजोर होती हैं। शरीर कम आयु में बुढ़ापे में होने वाले रोग से ग्रसित हो जाता है। खराब जीवनशैली से बीपी, ह्रदय रोग, गठिया, मधुमेह समेत दर्जनों रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

## हास्य-व्यंग्य भरी बातों से किया बुराईयों पर तीखा प्रहार

**भोपाल.** समाज में फैली विसंगतियां, भ्रष्टाचार और बुराइयों को हास्य व्यंग्य भरी बातों से दर्शाया। जब तक कसूर साबित नहीं हो जाता हर आदमी बेकसूर है। आप जज होकर भी इंसान के रूप में सोचते हैं। जैसे संवादों ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। अवसर था कारवां द्वारा शंकर शेष लिखित नाटक आधी रात के बाद के मंचन का। शहीद भवन में मंचित इस नाटक का निर्देशन वरिष्ठ लेखक निर्देशक न?ीर कुरैशी ने किया। नाटक की शुरुआत होती है एक जज (आसिफ आ?मी) के घर चोर (संतोष पणिक्कर) के घुसने के साथ। अपने पहले संवाद के साथ चोर की वाक पटुता (वाचालता) और समझदारी दिखाई देने लगती है।


MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मध्यप्रदेश में उद्योग एवं रोज़गार का नया युग प्रारंभ
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
समापन समारोह
मुख्य अतिथि
अमित शाह
केंद्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
25 फरवरी, 2025
सायं 4:30–6:00 । मुख्य हॉल
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल
मुख्य आकर्षण
एमपी मोबिलिटी एक्सपो
सेंट्रल इंडिया फेब्रिक एंड फैशन एक्सपो
ओडीओपी विलेज
कन्ट्री सेशन
एमपी पवेलियन
एग्जीबिशन एवं एक्सपो
एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
मध्यप्रदेश सरकार
CII
Confederation of Indian Industry
EY
Shape the future with confidence
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
www.investmp.in
D-11197/24

## संपादकीय

# हंसाने के तरीकों पर विचार जरूरी

हास्य एक ऐसा विषय है, जिस पर खुश होने के अपने अपने पैमाने होते हैं। हास्य की बातें बंद कमरे में या चंद दोस्तों की महफिलों में यदि बहुत आगे बढ जाएं तो भी वह निजी प्रसंग समझकर माना जा सकता है लेकिन सार्वजनिक रूप से हास्य के विषय यदि सामाजिक और नैतिक पैमानों को पीछे छोडने लगें तो यह गंभीर हो जाता है। मसलन पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट के विस्तार के साथ ओटीटी मंचों पर भी हास्य कार्यक्रमों के नाम पर जिस तरह फूह? और अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, वह अक्सर मानसिक विकृति से भरी होती है। हाल ही में एक ओटीटी मंच पर एक कथित हास्य कलाकार के कार्यक्रम में जैसी बातचीत सामने आई, उसे किसी भी लिहाज से स्वस्थ मनोरंजन नहीं माना जा सकता। विडंबना है कि ऐसे कार्यक्रमों के दर्शक भी बिना किसी हिचक के कुंठाओं के प्रदर्शन में शामिल होते हैं और सीमा लांघने वाली हर बात पर उत्साहित होते हैं, ठहाके लगाते हैं। उनके इस प्रतिसाद से हास्य कलाकार इतना आगे बढ जाते हैं कि सुनकर सिर शर्म से झुक जाते हैं।समाज का एक ब?ा हिस्सा आज भी हास्य के नाम पर अश्लीलता को मानवीय गरिमा के विरुद्ध मानता है और इसीलिये ताजा मामले में स्वाभाविक ही जोरदार व्यापक आपत्ति उभरी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित उस कलाकार के प्रति नाराजगी जाहिर कर दी है। अब सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस मसले पर सख्त रुख अपनाते हुए ओटीटी मंचों को आचार संहिता और कानून का पालन करने का निर्देश दिया है। अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि ओटीटी मंचों पर किसी भी सामग्री के प्रदर्शन में लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आइटी नियम, 2021 के तहत 'कोड आफ एथिक्स' का ध्यान रखा जाए। हास्य और मनोरंजन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसकी वजह से लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया विकृत होती है, यौन कुंठाओं की एक नई दुनिया बनती है, तो वह किसी भी समाज के लिए नुकसानदेह है। दरअसल, सामाजिक व्यवहार और इसके बारे में आम धारणा का विकास लोगों के सोचने-समझने के तरीके और उसकी अभिव्यक्तियों के सहारे होता है। ऐसे में अगर कुछ विशेष सुविधाओं में जीने वाले लोग अपनी सार्वजनिक अभिव्यक्तियों में हास्य के नाम पर अश्लीलता का बेहिचक प्रदर्शन करते हैं, तो निश्चित रूप से यह एक प्रतिगामी रवैया होता है। सवाल है कि महज हास्य के तर्क पर क्या किसी ऐसी प्रवृत्ति की इजाजत दी जानी चाहिए जो न केवल लोगों के भीतर कुंठा भरने का जरिया बनती, बल्कि उसी वजह से महिलाओं के खिलाफ आपराधिक वृत्ति के प्रसार का भी खतरा बन जाता है। वैसे देखा जाए तो अस्सी के दशक में जब फिल्में ही मनोरंजन का माध्यम होती थीं तब भी एक ऐसा दौर आया था जब द्विअर्थी संवादों वाली फिल्में आने का सिलसिला तेज हो गया था। इसके बाद टीवी में हास्य का विस्तार हुआ और कई शो चलने लगे, कई आज तक चल रहे हैं। इनमें भी कई बार मामला द्विअर्थी तक पहुंचता है लेकिन ओटीटी शो ने जिस तरह तमाम सीमाओं को लांघा है वह आने वाली पीढी को संस्कार के बजाए खराब विचार ही दे रहा है, कल्पना भी डराती है कि यदि यह सिलसिला चला तो दस पंद्रह साल बाद जो पीढी आएगी वह अपने समाज,परिवार व रिश्तों को लेकर किस तरह की मानसिकता रखेगी।

**प्राणी के जीवन में सन्तोष दरिद्रता का दूसरा नाम है।**
**- प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1586 - अकबर के दरबारी कवि बीरबल विद्रोही यूसुफजई के साथ एक लड़ाई में मारे गये।
- 1788 - पिट्स रेग्यूलेट्री एक्ट पारित किया गया।
- 1921 - जार्जिया की राजधानी तिब्लिसी पर रूस ने क़ब्ज़ा किया।
- 1925 - जापान और पूर्व सोवियत संघ के बीच राजनयिक रिश्ते कायम हुये।
- 1945 - द्वितीय विश्व युद्ध में तुर्की ने जर्मनी से युद्ध की घोषणा की।
- 1952 - नार्वे की राजधानी ओस्लो में छठे शीतकालीन ओलंपिक खेलों का समापन।
- 1760 - लॉर्ड क्लाइव ने पहली बार भारत छोड़ा और 1765 में वापस लौटे। रॉबर्ट क्लाइव ईस्ट इंडिया कंपनी की तरफ से भारत के पहले गवर्नर जनरल थे।
- 1962 - देश के तीसरे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई। जवाहरलाल नेहरू तीसरी बार प्रधानमंत्री बने।
- 1975 - सऊदी अरब के तत्कालीन शासक शाह फैसल की उनके ही भतीजे फैसल बिन मुसाद ने हत्या कर दी थी।
- 1980 - ब्रिटेन ओलंपिक संघ ने ब्रितानी सरकार के विरोध और दबाव के बावजूद उसी वर्ष जुलाई में मॉस्को में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल होने का फैसला किया था।
- 1986 - मारिया कोराजोन अकीनो के फिलीपिंस की राष्ट्पति बनने के साथ ही देश में तानाशाह फर्डिनांड मार्कोस शासन खत्म हुआ।
- 1988 - सतह से सतह तक मार करने वाली भारत की प्रथम मिसाइल पृथ्वी का सफल प्रक्षेपण हुआ।
- 1995 - असम में ट्रेन में दो बम ब्लास्ट हुए। सेना के 22 जवानों की मौत।
- 2000 - रूस की निचली संसद ड्यूमा द्वारा भारत के साथ द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि का अनुमोदन।
- 2003 - गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के 13वें शिखर सम्मेलन में क्वालालंपुर घोषणा स्वीकृत।

## निशाना

### बदला बदला रुप है !



-कृष्णेन्द्र राय

**बदल गए अचानक।**
**ज्ञान रहे हैं बांट ।।**
**बदला बदला रुप है।**
**बंद हो गई ठाट ?**
**लगते कभी कूदने।**
**और कभी ख़ामोश ।।**
**है किसकी रणनीति ?**
**कहें किसका दोष ।।**
**ये कैसा व्यवहार।**
**करने को उद्धार ।।**
**लगता चल कर इसी राह।**
**है आनी बहार ?**
**किया कभी अपमान।**
**कभी करते प्यार ।।**
**कर सकते प्रवेश।**
**शायद नए द्वार ।।**

# विकसित हो भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र

■ **रमेश सर्राफ धमोरा**

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्राय: भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफ़वाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।




ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।


हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठी होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

**(साभार: यह लेखक के विचार है।)**

# तमिलनाडु में हिंदी-विरोध का नया दौर चरम की ओर

■ **प्रमोद जोशी**

हिंदी की पढ़ाई को लेकर तमिलनाडु में एक बार फिर से तलवारें खिंचती दिखाई पड़ रही हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को एक विशाल विरोध-प्रदर्शन में चेतावनी दी कि हिंदी थोपने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ एक और विद्रोह जन्म ले सकता है। उनके पहले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्यों पर शिक्षा-निधि के मार्फत दबाव बनाने का आरोप लगाया था। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में द्रमुक ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) और तीन-भाषा फॉर्मूले की आलोचना करके माहौल को गर्मा दिया है।तमिलनाडु में भाषा केवल शिक्षा या संस्कृति का विषय नहीं है। द्रविड़-राजनीति ने इसके सहारे ही सफलता हासिल की है। द्रविड़ आंदोलन, जिसने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों को जन्म दिया, भाषाई आत्मनिर्णय के सिद्धांत पर आधारित था। राष्ट्रीय आंदोलन के कारण इस राज्य में भी कांग्रेस, मुख्यधारा की पार्टी थी, पर भाषा पर केंद्रित द्रविड़ आंदोलन ने राज्य से कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया और आज तमिलनाडु में कांग्रेस द्रमुक के सहारे है। इस राज्य में भाषा-विवाद लगातार उठते रहते हैं। पिछले साल संसदीय शीत-सत्र में 5 दिसंबर को विरोधी दलों के सदस्यों ने 'भारतीय न्याय संहिता' के हिंदी और संस्कृत नामों के विरोध में सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर 'हिंदी इंपोज़ीशन' का आरोप लगाया। एक दशक पहले तक ऐसे आरोप आमतौर पर द्रमुक-अद्रमुक और दक्षिण भारतीय सदस्य लगाते थे। अब ऐसे आरोप लगाने वालों में कांग्रेस पार्टी भी शामिल है। अप्रैल, 2022 में गृहमंत्री अमित शाह ने संसदीय राजभाषा समिति की 37वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिंदी को पूरे देश में स्थानीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है कि सरकार का कामकाज हिंदी में हो। उनके इस बयान के पीछे 'हिंदी-विरोधियों' को साम्राज्यवाद की गंध आई। शाह ने कहा कि हिंदी को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने के प्रयास होने चाहिए। जब विभिन्न राज्यों के नागरिक संवाद करते हैं, तो 'यह भारत की भाषा में होना चाहिए।' उनके इस वक्तव्य के अलावा, नई शिक्षा-नीति के अंतर्गत देशभर के स्कूलों में कक्षा 10 तक परोक्ष रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने की केंद्र सरकार की योजना पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। 10 अप्रैल को, तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम ने केंद्र सरकार को हिंदी थोपने के किसी भी नए प्रयास के खिलाफ चेतावनी दी और लोगों से इसका विरोध करने का आह्वान किया। पार्टी के मुखपत्र मुरासोली में लिखा गया, यह कदम देश की अखंडता को नष्ट कर देगा। भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण में प्रवेश तो मिल गया है, पर तमिलनाडु में वह अभी हाशिए पर है। पिछले कुछ समय से वह अपने राज्य प्रमुख अन्नामलाई के जरिये राज्य के एक तबके को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। क्या इस राज्य में हिंदी-समर्थक पार्टी के सफल होने की कोई गुंजाइश है? राज्य में हिंदी की पढ़ाई को उत्सुक लोग भी हैं, जिन्हें लगता है कि




रोज़गार के लिए हिंदी का ज्ञान भी ज़रूरी है। भाजपा कार्यकर्ता अब मार्च से मई तक एक सर्वेक्षण करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें वे तीन-भाषा नीति पर तमिलनाडु भर के परिवारों से बातचीत करेंगे और अपने निष्कर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपेंगे। राज्य सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाज़े बंद रखना चाहती है। उसे लगता है कि एक बार दरवाज़े खुले तो राजनीति का रंग-रूप बदल जाएगा। बहरहाल तमिल-बगावत के स्वर एनईपी के तहत तीन-भाषा सूत्र से जुड़ी शर्तों और समग्र-शिक्षा कार्यक्रम लिए केंद्रीय धन जारी करने से जुड़े मतभेदों के कारण सुनाई पड़े हैं। एनईपी के विरोधियों का तर्क है कि यह नीति परोक्ष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में हिंदी और संस्कृत को बढ़ावा देती है। केंद्र सरकार ने राज्य को 2,152 करोड़ रुपयों का आवंटन इस आधार पर रोक रखा है, क्योंकि उसने 'पीएम श्री स्कूलों' और एनईपी को स्वीकार नहीं किया है। डीएमके और उसके सहयोगी दलों के चेन्नई में आयोजित विरोध प्रदर्शन में उदयनिधि ने कहा, हम न तो भीख मांग रहे हैं और न आपकी निजी संपत्ति। यह हमारा वैध अधिकार है। संविधान का कोई भी अनुच्छेद तीन-भाषा की बात नहीं करता है। तमिलनाडु इस फॉर्मूले को कभी स्वीकार नहीं करेगा। राज्य में हिंदी के प्रवेश से तमिल का विलोपन हो जाएगा जैसा राजस्थानी, भोजपुरी और उत्तर भारत की अन्य भाषाओं के साथ हुआ है। हाल में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि नई शिक्षा-नीति के अनुपालन का फंड जारी करने में तीन-भाषा सूत्र लागू करने की शर्त होगी। जब तक तमिलनाडु एनईपी को पूरी तरह से लागू नहीं करेगा, तब तक समग्र शिक्षा निधि जारी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, नई शिक्षा-नीति में हिंदी की अनिवार्यता नहीं है। तमिलनाडु के छात्र चाहें, तो तमिल और अंग्रेजी के अलावा कोई भी तीसरी भारतीय-भाषा पढ़ सकते हैं। नई शिक्षा नीति, हिंदी नहीं थोप रही है, बल्कि छात्रों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने सवाल किया है कि अन्य राज्यों के विपरीत तमिलनाडु तीन-भाषा फॉर्मूले का विरोध क्यों कर रहा है? तमिलनाडु में हिंदी-विरोध का इतिहास करीब एक सदी बहुत पुराना है, जो 1930 के दशक से शुरू हुआ था। तब यह मद्रास प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। वर्ष 1937 में तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने राज्य में हिंदी की अनिवार्य पढ़ाई का फैसला किया था, जिसके बाद राज्य में पहला हिंदी-विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। इस आंदोलन ने द्रविड़-राजनीति की नींव डाली। हिंदी विरोधी प्रदर्शन आज़ादी के बाद भी जारी रहे, जिसमें 1965 में छात्रों का आंदोलन भी शामिल है। वर्ष 1959 में जवाहरलाल नेहरू के आश्वासन और उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री सरकार द्वारा राजभाषा अधिनियम, 1963 पारित करने के बाद राज्य में स्थिति सामान्य हुई। यह विरोध पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। हिंदी को लेकर जब भी कोई गतिविधि होती है, यह विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु ने एनईपी-2020 का विरोध किया। उसके अलावा पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों ने भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं, पर तमिलनाडु ने इसे लागू नहीं होने दिया, जबकि ज्यादातर राज्यों ने इसे लागू किया। तमिलनाडु 1967 से दो-भाषा फार्मूले (मातृभाषा तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहा है। उस वर्ष सीएन अन्नादुराई के नेतृत्व में द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम सत्ता में आई थी। उसके बाद से राज्य में द्रमुक और अन्ना द्रमुक पार्टी की सरकारें ही सत्ता में आई हैं। द्रविड़ दलों ने लंबे समय से मांग की है कि 'शिक्षा' को समवर्ती सूची से हटाकर राज्य सूची में वापस लाया जाए। यह मसला भारतीय संघवाद की विसंगतियों को भी रेखांकित करता है। भारतीय राष्ट्रवाद के विकास से जुड़े अंतर्विरोधों की प्रतिध्वनि भी इसमें सुनाई पड़ती है। स्वतंत्रता के पहले 'द्रविड़नाडु' नाम से अलगाववादी नज़रिया भी उभरा था। इंदिरा गांधी के दौर में केंद्र को मजबूत बनाने की जो कोशिशें हुईं, उनमें शिक्षा का मसला भी शामिल था। संविधान की सातवीं अनुसूची संघ और राज्यों के बीच कानून बनाने की शक्तियों के आवंटन को निर्दिष्ट करती है। 1976 में संविधान में 42वें संशोधन तक शिक्षा राज्य सूची में थी। 1976 में स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के बाद इसे समवर्ती सूची में लाया गया। अब शिक्षा समवर्ती सूची में है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# बगैर डिग्री-डिप्लोमा झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय !

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांव में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा किराए की दुकानें और बड़े-बड़े के घरों में क्लीनिक दिख रहे हैं। जहां झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा गंभीर से गंभीर इलाज करने का दावा कर शासन और प्रशासन को मुंह चिढ़ाया जा रहा है। माना जा रहा है कि अधिकारियों के संरक्षण में इनका धंधा इतना फलफूल रहा है।

बीते दिनों जिलेभर में झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की गई थी लेकिन इन झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिको पर जैसे ही कार्रवाई की सूचना मिली वे भूमिगत हो गए। कुछ दिनों के बाद अब यह क्लिनिक फिर खुल गये हैं। माना जाता है कि शहर में ऐसे लगभग पांच दर्जन झोलाछापों लोगों का इलाज कर रहे हैं। जब इस



संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीबीएमओ से बात करने का प्रयास किया तो उनका फोन आउट कवरेज क्षेत्र बताता रहा। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले ही संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मध्य प्रदेश से समस्त कलेक्टर एवं समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम जारी परिपत्र में लिखा था। कि कई अपात्र व्यक्तियों द्वारा फर्जी मेडिकल डिग्री अथवा सर्टिफिकेट का प्रयोग करके अमानक चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग से मरीज का इलाज किया जा रहा है। बहुत सारे ऐसे व्यक्ति एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज कर रहे हैं जिन्होंने मेडिकल की कोई डिग्री, डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं किया है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा को कलेक्टर ने किया सम्मानित...



**नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा नर्मदा की साफ सफाई को लेकर स्वच्छता अभियान चलाए जाने पर रामजी बाबा मेले में कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा महासभा के सदस्यों को सम्मानित किया गया । इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई का कार्य प्रति रविवार करते हैं। यह बहुत ही सराहनीय है। समाज के लोग इस अभियान में हिस्सा बन रहे हैं और लोगों को संदेश दे रहे हैं। कलेक्टर ने कायस्थ महासभा द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महासभा द्वारा नर्मदा के सभी घाटों पर प्रति रविवार सफाई अभियान चलाया जाता है जिससे हमारे घाट और नर्मदा साफ-साफ निर्मल रहते हैं। यह एक बहुत अच्छा प्रयास है और इसमें सभी समाज और संगठन को आगे जाकर कार्य करना चाहिए इन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है।

### दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# जाति प्रथा कलंक है जिले में युवा विमर्श की जरूरत

**युवा रचनाकारों की दो दिवसीय कार्यशाला**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा 'प्रदेश के युवा रचनाकारों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सृजनात्मक कार्यशाला कौशल्या कुटी मे सम्पन्न।

कार्यशाला मे साहित्य अकादमी के निदेशक डॉं विकास दवे ने संबोधित करते हुए कहां की साहित्य की रचना करते समय हम अपनी राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक गौरव बोध को कभी विस्मृत ना करें। साहित्य का रचना कर्म कभी भी श्रेय और प्रेय की प्राप्ति के लिए नहीं होता अपितु राष्ट्र देवता और समाज देवता की पूजा अर्चना में अर्पित किए हुए ताजा पुष्प की तरह होता है। यदि हमने अपने रचनाकर्म का उपयोग निजी हित के लिए किया तो यह एक प्रकार का प्रज्ञा अपराध होगा।

हमें अपने साहित्य धर्म का निर्वाह करते हुए सदैव राष्ट्र के परम वैभव के स्वप्न को अपनी आंखों के सामने रखते हुए ही रचना कर्म संपन्न करना है।



नई पीढ़ी के आप सब रचनाकार अपने राष्ट्रीय स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति गौरव की भावना को कभी भी नजर अंदाज न होने दें यही आज के युग की प्रथम आवश्यकता है।अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत के महामंत्री आशुतोष शर्मा ने जाति प्रथा कलंक है,युवा विमर्श जिले में हो।

सांस्कृतिक पर विचार व्यक्त किए विचारधार को बढ़ाने के लिए अध्ययन जरूरी है।फिल्मों में नास्तिकता को बढ़ावा देते हैं। भारत के बढ़ते कदमों को रुकने नहीं देना है। घनश्याम मैथिल ने लघुकथा पर कहां की कथा अंत तक बांधी रहती हैं,लघुकथा में कथा तत्व होना अनिवार्य हैं,इसमें एकबार में एक घटना का पूरा विवरण होना चाहिए। प्रत्येक विधा अपने आप में पूर्ण हैं एवं आवश्यक हैं लघुकथा फिलर नहीं बल्कि किलर का काम कर रही हैं। लघुकथा कम शब्दों में विशिष्ट एवं बड़ी बात हम कह सकते हैं।

इस दौरान अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने साहित्य और संगठन विषय पर अपने विचारों से युवा कवियों को अवगत कराया।साहित्यकार अशोक जमनानी ने अध्यक्षता करते हुए कथा लेखन पर बोलते हुए कहा कि कविता के माध्यम से कथा कही जा सकती है।

उन्होंने राम तेरी गंगा मेली फिल्म की कहानी बताते हुए कहा कि कविता से कथा कह सकते हैं। कहानी पर कहा कि संकल्प कोई और लेता और कहानी कोई और लिख लेता है। फिर कुंभ दादी की कहानी सुनाई।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये युवा कविगण,साहित्यकार उपस्थित रहे।प्रथम सत्र का संचालन श्रीमती आरती शर्मा ने,व्दितीय सत्र का संचालन सौरव यादव एंव आभार व्यक्त केप्टिन करैया ने किया।

### कायस्थ महासभा ने घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया

# पुलिस ऑफिसर ने स्वच्छता अभियान में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मां नर्मदा के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जहां कई संगठन सिर्फ कुछ दिनों तक अभियान चलाकर पीछे हट जाते हैं। वहीं अखिल कायस्थ महासभा लगातार कई रविवार से नर्मदा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। महासभा के इस अटूट संकल्प और निस्वार्थ सेवा को समाज और प्रशासन का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। महासभा ने कोरीघाट पर साफ सफाई अभियान चलाया। इसी कड़ी में एसडीओपी पराग सैनी भी इस अभियान में शामिल हुए और श्रमदान कर नर्मदा की साफ सफाई की। महासभा के सदस्यों की इस लगन और निष्ठा की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल नर्मदा संरक्षण का श्रेष्ठ उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक पहल भी है। पराग सैनी ने आम जनता से भी अपील की कि वे अखिल कायस्थ महासभा के इस नेक कार्य में सहभागी बनें और श्रमदान कर मां नर्मदा की सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने महासभा के सदस्यों को निरंतर सेवा भाव के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रविवार को स्थानीय कोरीघाट पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की। घाट के सीढ़ियों से कचरा और नदी के किनारे से कचरा निकालकर उसे अलग स्थान पर इकट्ठा करके ऊपर फेंका गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा , प्रदीप श्रीवास्तव, सी बी खरे, केशव देव वर्मा, लालदा प्रसाद, अदित्य, श्रीमती सुमन वर्मा, श्रीमती प्रीति खरे, श्रीमती ज्योति अभय वर्मा, श्रीमती शीतल श्रीवास्तव, श्रीमती सारिका सक्सेना, श्रीमती नेहा थापक जानकी, परी श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद थे। एसडीओपी पराग सैनी ने कहा कि अखिल कायस्थ महासभा का यह प्रयास मां नर्मदा की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक सार्थक प्रयास है। कायस्थ महासभा के पदाधिकारी केशव वर्मा ने कहा कि हमें नर्मदा घाटों को सहेजना है।

# नर्मदापुरम में किसानों के खाते में आए 28 करोड़ रुपए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि की 19 वी किस्त के लाइव का प्रसारण कार्यक्रम नर्मदापुरम के कृषक प्रशिक्षण केन्द्र पवारखेड़ा में आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से किसानों के खातों में 19 वी किस्त में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक का होगा का सफल हस्तांतरण किया । इस दौरान नर्मदापुरम ज़िले के 140236 कृषकों को 280472000 रुपए की किस्तों का सफल हस्तांतरण हुआ । कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक खांडे ने सम्बोधित करते हुए किसानों को जमीन को आराम देने, गेहरी जुताई सहित रासायनिक खाद एवं दवाओं का कम से कम इस्तेमाल करने की सलाह दी गई । विधायक प्रतिनिधि दिनेश मेहतो ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से हमारे किसान भाईयों को हजारों रुपए 6 साल में दिए गए हमारे ज़िले के 1,40,236 किसानों को 28 करोड़ 4 लाख 72 हजार रुपए भागलपुर बिहार से सफ़ल हस्तांतरण वन क्लीक के माध्यम किया गया।

# महाकुंभ से लौटते समय बस पलटी, 12 की हालत गंभीर



**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

कुछ दिन पूर्व तेंदूखेड़ा क्षेत्र की यात्री बस से महाकुंभ प्रयागराज से सभी यात्रा स्नान कर लोटते समय नींद के झोके एवं डंफर से बचने के चक्कर में यूपी के कौशाम्बी जिले के लेहदरी गांव थाना कड़ा धाम क्षेत्र के पास सुबह चार बजे हादसे के शिकार हो गए और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे मे लगभग दो दर्जन श्रद्धालुओं के घायल होना बताया गया है। राहगीरों द्वारा इसकी सूचना कड़ा धाम थाना पुलिस को दी गई और लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया और कड़ा धाम थाना के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद 12 लोगों को कौशाम्बी जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वही अन्य 18 लोगों का इलाज कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अस्पताल में चल रहा है।

# मुनि संघ का धर्म नगरी बासौदा में हुआ मंगल प्रवेश



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री विमल सागर महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर महाराज का मंगल प्रवेश धर्मनगरी में प्रातः काल की बेला में भव्यता के साथ हुआ। सकल जैन समाज ने मुनि श्री ससंघ की मंगल आगवानी में जिनालयों के बाहर रंगोली बनाकर और द्वार सजाकर की। वही जैन समाज की महिला पुरुषों ने अपने अपने घर के बाहर खड़े होकर मुनिद्वय के जल से चरण पखार कर मंगल आरती की। बरेठ रोड स्थित धर्म कांटे से बैंड बाजे के साथ मुनि संघ का नगर प्रवेश हुआ तो वहीं बरेठ रोड स्थित श्री त्रिमूर्ति जिनालय के दर्शन उपरांत मुनि संघ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे।

## महाशिवरात्रि पर शिव बारात के आयोजकों की बैठक



**गंजबासौदा।** सोमवार को एसडीएम कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, शहर थाना प्रभारी एवं देहात थाना प्रभारी, ट्रैफिक प्रभारी सूबेदार सहित शिव बारात निकालने वाले नागरिक मौजूद रहे। जिसमें महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली शिव बारातों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। एवं कलेक्टर द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में शासन प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई की शासन एवं सुप्रीम कोर्ट की कोलाहल अधिनियम गाइडलाइन का पालन करें। वर्तमान में परीक्षा का समय चल रहा है डीजे साउंड आदि नियत समय अवधि एवं नियत डेसीबल में संचालन हो।

**मेट्रो एंकर** महाशिवरात्रि का पावन पर्व

# तैयारियों में जुटे श्रद्धालु, पंचाक्षरी मंत्र से गूंजेगा वातावरण

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

**महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी के दृष्टिगत मंदियों में विशेष तैयारियों का दौर है। भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन करने और व्रत करने की भी तैयारियां जोर-शोर से शुरू गई है। इन्हीं तैयारियों को नगर की कुछ महिलाओं ने दोपहर मेट्रो से साझा किया।**

हिलाएं कहती हैं कि महाशिरात्रि की तरह अन्य ऐसे पावन अवसरों पर बच्चों को भी पूजन में शामिल करती हैं जिससे बच्चे भी पूजन-अर्चन से जुड़कर अपने धर्म के बारे में जाने क्योंकि जब वह जानेंगे, तभी तो अपने बाद वाली पीढ़ी को बतायेंगे।

इस क्रम में बच्चों को शिवलिंग पर जल चढ़ाने से लेकर पूजन-अर्चन करने के तौर-तरीके भी बता रहे हैं और बच्चे भी अभ्यास कर रहे हैं जिससे वह महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में या घर पर स्वयं भी पूजन-अर्चन कर सकें। इसके साथ ही बच्चे जल चढ़ाते समय नमः शिवाय, महेश्वराय नमः, शंकराय नमः, रुद्राय नमः आदि मंत्रों का जप करने का भी अभ्यास कर रहे हैं

**क्या कहती है व्रत की तैयारी में जुटी महिलाएं**



महाशिवरात्रि के दिन पूजन-अर्चन समय से हो जाए और व्रत भी करना रहता है। इसलिए पूजन-अर्चन से लेकर व्रत से जुड़ी तमाम प्रकार की तैयारियां चल रही हैं। इसके लिए शिवजी की विशेष पूजा परिवार सहित घर पर करने की योजना है क्योंकि ये अवसर सालभर में एक बार ही मिलता है

-जानवी रजक



भोलेनाथ के पूजन में उन्हें खुश करने के लिए बिल्व पत्र, धतूरा, बेर, फल, फूल, दूध, दही, घी से लेकर लाल साड़ी, लाल चुनरी, कुमकुम, लाल चूडियां, बिंदिया, आभूषण, सिंदूर आदि प्रकार की जो भी सामग्रियां चढ़ाई जाती हैं, उन सभी सामग्रियों में कोई कमी न रहने पाये, मेरा उस पर अधिक फोकस है।

-पूनम दुबे



पूजन व व्रत के दौरान एक सुहागिन के लिए परिधान व साज-सज्जा का भी विशेष महत्व रहता है इसलिए साड़ी, सलवार कमीज आदि में से क्या पहनूं और ड्रेस के मुताबिक मैचिंग ज्वैलरी का चयन सहेलियों से डिस्कस कर रही हूं

-ज्योति साहू



पूजन व व्रत की तैयारियां शुरू कर दी है। भोलेनाथ को क्या भोग लगाना है, इस बारे में विशेष ध्यान देती हूं ।

अर्चना राय

# कृषि प्लान हेतु बैठक: आज सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के प्रधान वैज्ञानिक का भ्रमण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विदिशा जिला मुख्यालय पर ली गई बैठक में दिए गए निर्देशो के अनुपालन में विदिशा जिले की कृषि के विकास हेतु जिला स्तरीय कृषि विकास प्लान बनाया जा रहा है। ततसंबंध में समीक्षात्मक बैठक बुधवार 25 फरवरी को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में सायं चार बजे से आयोजित की गई है। विदिशा जिले की कृषि विकास प्लान तैयार करने के उद्धेश्य से सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफएग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ डीपी सिंह 25 फरवरी को जिले का भ्रमण करेंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केएस खपडिया ने बताया कि प्रधान वैज्ञानिक श्री सिंह विदिशा विकासखण्ड के ग्राम बदनपुर पहुंचकर कृषकों से संवाद करेंगे। ततपश्चात सांय चार बजे कृषि संबंधी आहूत बैठक में शामिल होंगे। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कृषि विकास प्लान बैठक में कृषि



एवं संवंद्ध विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे जिसमें कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा, पशु चिकित्सा एवं कृषि इंजीनियरिंग, मत्स्य, जल संसाधन, कृषि विज्ञान केन्द्र, नाबार्ड, उद्यानिकी, कृषि यंत्री, कृषि उपज मंडी समिति एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी विभागीय समुचित जानकारियों के साथ मौजूद रहेंगे ताकि जिले को कृषि एवं संवंद्ध क्षेत्रो में अग्रणी जिला बनाए जाने के लिए आवश्यक प्लान को मूर्तरूप देकर भारत सरकार को भेजा जा सकें।

### एक मार्च के बाद आफलाइन फाइले अस्वीकार होंगी

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी कार्यालयो में ई आफिस प्रक्रिया के क्रियान्वयन में गति देने के लिए विभागो के अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है अत: अब एक मार्च के बाद से आफलाइन फाइले स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन अधिकारियों के द्वारा ई आफिस प्रक्रिया के क्रियान्वयन में कोताही बरती जाएगी तो उन विभागो के जिलाधिकारियों का वेतन रोका जाएगा। एनआईसी के डीआईओ श्री एमएल अहिरवार ने बताया कि अभी तक छह विभागो के अधिकारियों द्वारा ई आफिस प्रक्रिया से संबंधित तमाम प्रक्रिया को पूरा किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागो के जिलाधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि ई आफिस प्रक्रिया क्रियान्वयन के संबंध में कही किसी भी प्रकार की शंका हो तो समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी तक एनआईसी के डीआईओ से व्यक्तिगत सम्पर्क कर ई आफिस से संबंधित शंकाओं का समाधान प्राप्त करें।

### कस्टोडियन की जमीन के नाम पर भूमाफिया बड़े फर्जीबाड़े को दे रहे हैं अंजाम

# एसडीएम ने लगाई रोक फिर भी बिक रही जमीन पाक के लोगों के नाम बना रहे हिब्बानामा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर में पाकिस्तान चले गए लोगों के नाम की जमीन को फर्जी दस्तावेज तैयार करके जमीनों को लेकर अजब गजब कारनामा देखने को मिल रहा है जो लोग बंटवारे के बाद पाकिस्तान चले गए उनके नाम की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार मुस्लिम समाज के कुछ लोगों के द्वारा हैवनामा से अपने नाम पर करके करोड़ों की सरकारी संपत्ति को खुलेआम बेचने का काम किया जा रहा है। शासन को भी उक्त भमि को सरकारी रिकॉर्ड में कस्टोडियन के नाम पर अंकित करना होगा तभी इन भू माफियाओं का खेल बंद होगा नहीं तो इसी तरह इनका कारोबार फलता फूलता रहेगा सरकार तथा जनता को चूना लगाते रहेंगे इस तरह से गड़बड़ झाले को अंजाम देने वालों कारनामे पर एसडीएम ने सर्व नंबरों को जमीन के विक्रय पर रोक लगाने का आदेश दिया है। उसके बाद भी इन सर्वे नंबर की जमीन बेचने का मामला सामने आया शिकायत के बाद गड़बड़ी साबित होने पर रजिस्टर से लेकर उक्त कस्टोडियन भूमि को बेचने वालों पर दर्ज करवाने की बात एसडीएम ने की है। नवाबों का




शासन रहा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र था बड़ी संख्या में लोग बटवारा के बाद पाकिस्तान चले गए पर उनके नाम पर जमीन दर्ज थी इस जमीन को भू माफिया फर्जी हैवा नामा तैयार करके अपने नाम करके बेचने के खेल को अंजाम दे रहे हैं। रोहिल पुरा में जिस जमीन को कुछ महीने पहले फर्जी दस्तावेज तैयार करके हाशमी बंधुओ ने अपने नाम पर रिकॉर्ड में दर्ज करवा कर कॉलोनी काटने का काम बखूबी किया जा रहा था शिकायत के बाद एसडीम ने गड़बड़ी साबित होने पर शासन हित में कस्टोडियन की भूमि पर तत्काल विक्रय पर रोक लगाकर अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा कलेक्टर कार्यालय से भी इस मामले में कार्रवाई गतिशील है। दूसरी ओर शातिर भू माफिया अभी उक्त कस्टोडियन की भूमि पर रोक होने के बाद भी गुपचुप तरीके से बेचने में लगे हुए हैं।

सोमवार को अशोक जैन खर्च ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देते हुए कहा कि रोहिल पुरा में कस्टूडियान की भूमि को फर्जी दस्तावेज तैयार करके अपने नाम पर करने वाले कादिर हाशमी के द्वारा अभी भी जमीन बेचने कार्य कर रहे हैं शासन हित में उक्त सर्वे नंबरों पर कस्टोडियन दर्ज करके सरकारी भूमि घोषित किया जाए तथा नियम विरोध काम करने वाले रजिस्टर और जमीन बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए इन सर्वे नंबरों पर लगी है रोक सर्वे नंबर 1247, 1248, 1255, 1368, 1376, 1428, 1239, 1240, 1241, 1242, 1249, कुल किताब 12 की उच्च स्तरीय समिति से जांच करवा कर फर्जी वाला करने वालों पर प्रकरण दर्ज करवा कर शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां कस्टूडियान की भूमि है उसको सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करके शासन की जमीन घोषित करने की कार्रवाई करें और कोई भी हैवा के आधार पर जमीन किसी के नाम पर दर्ज ना हो सके ऐसे प्रावधान किए जाएं।

अभी ऐसे कदम नहीं होने से उक्त जमीन को इसी तरह फर्जी दस्तावेज तैयार करके कुछ भी माफिया अपने नाम करके कॉलोनी कट रहे है। रोहिल पुरा में करोड़ों की जमीन बेची फर्जी दस्तावेजों के आधार पर - रोहिलपुरा मैं कादिर हाशमी ने अपने नाम पर करवा कर कॉलोनी काटने कार्य किया जा रहा था यहां पर करोड़ों के प्लांट बेच दिए गए शिकायत के बाद गलत तरीके कस्टूडियान की भूमि को अपने नाम दर्ज करवा कर बेचने पर शासन हित में एसडीएम हषर्ल चौधरी ने जांच के बाद सभी नंबरों को विक्रय से प्रतिबंध करके भू-माफियाओं मंसूबों पर रोका लगाने के लिए कदम उठाया था इसके बाद भी भू-माफिया ने इनके कदम की भी कट निकलते हुए जमीन को बेचने का काम इनके द्वारा किया जा रहा है।

**इनका कहना है**

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पकिस्तान चले गए लोगों की जमीन फर्जी दस्तावेज तैयार करके कई लोग अपने नाम कर कर बेचना है। एसडीएम की रोक के बाद भी ऐसी जमीन बेचने का काम किया जा रहा है जहां-जहां पर कस्टूडियान की भूमि है उसको सरकारी रिकॉर्ड में किया जाएं जिससे कि इसके विक्रय पर पूर्ण रूप से रोक सके।

-अशोक जैन खर्चा
शिकायतकर्ता

**इनका कहना है**

विक्रय से प्रतिबंध होने केबाद भी इन सर्वे नंबरों की रजिस्ट्री हो रही है तो रजिस्टर से लेकर बकरा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

- हर्षल चौधरी एसडीएम

### महाशिवरात्रि उत्सव हुआ प्रारंभ,शिव पार्वती विवाह के लिए महिलाओं ने पहनी पीली साड़ी



**सिरोंज।** महाशिवरात्रि का उत्सव नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा वहीं नगर में चार दिवसीय शिव पर्वती विवाह महोत्सव मनाया जाता है। हाजीपुर स्थित श्रीनागेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना का दौर प्रारंभ हो गया है मोहल्ले की महिलाओं ने हल्दी उत्सव में भगवान शिव जी और माता पार्वती को हल्दी लगाकर पीली साड़ी धरण की चार दिनों तक महाशिवरात्रि का उत्सव मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर यहां से शिवजी की बारात निकलेगी इसके अलावा शहर के आलावा शहर के सभी मंदिरों मे महशिवरात्रि को लेकर तैयारी जोर-जोर से चल रही है मंदिरों मे साफसफाई के साथ आयोजनों की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त का सिंगल क्लिक से रिलीज की।

### दीपना खेड़ा स्कूल में टॉपर को मिली स्कूटी



**सिरोंज।** सरकार के मेरिट सूची में नाम आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की जा रही है। सोमवार को दीपना खड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक में मुख्यमंत्री बालक बालिका स्कूटी योजना अंतर्गत विद्यालय में टॉप विद्यार्थी को स्कूटी वितरण कार्यक्रम हुआ जिसमें सरपंच अजय रघुवंशी एवं भारतीय जनता पार्टी दीपना खेड़ा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल की उपस्थिति में अंजू अहिरवार 86: मार्क प्राप्त किया तथा दूसरे नंबर पर सुरेंद्र लोधी 81: मार्क्स प्राप्त करने पर दोनों ने स्कूटी प्राप्त की इस मौके पर संस्था प्राचार्य नरेश रघुवंशी समस्त स्टाफतथा छात्राएं उपस्थित थे।

### रोजगार मेला 28 को कुरवाई में



**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में विकासखण्ड मुख्यालयों पर जिला स्तरीय रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है इसी कडी के तहत शुक्रवार 28 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेला कुरवाई के बीआरसी भवन परिसर में पूर्वान्ह 11 बजे से आयोजित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा रोजगार मेला आयोजन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी ने बताया कि अब तक 12 निजी कंपनियों ने रोजगार मेला में सम्मिलित होने की सहमति व्यक्त की गई है। गौरतलब हो कि रोजगार मेले में निजी कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदो पर शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर युवक युवतियों का चयन कर नियुक्ति पत्र प्रदाय किए जाते है। वहीं शासन की स्वरोजगारमुखी योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को वित्त पोषण के स्वीकृति पत्र मौके पर अतिथियों द्वारा प्रदाय किए जाते है इसके अलावा रोजगारमुखी योजनाओ को क्रियान्वित करने वाले विभागो के द्वारा रोजगार मेला में शामिल होने वाले युवक युवतियों को सुगमता से स्वरोजगारमुखी योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर प्राप्त हो सकें के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाते है वहीं योजनाओं के लिए निर्धारित मापदण्डो पर आधारित साहित्य का भी वितरण नि:शुल्क किया जाता है।

### नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना गंजबासौदा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए पांच हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना कोतवाली में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 187/2023 का फरार आरोपी नौशाद पुत्र मुन्ने खां मुसलमान उम्र 30 वर्ष निवासी रायसेन की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए पांच हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## मंडी समिति द्वारा भूखंड प्लाटों की नीलामी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कृषि उपज मण्डी समिति विदिशा के नवीन मंडी प्रांगण मिर्जापुर में प्रबंध संचालक, मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल एवं कलेक्टर रौशन कुमार के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आज सोमवार को भू-खण्ड प्लाटों के आवंटन की नीलामी प्रक्रिया सम्पादित की गई।

उक्त नीलामी प्रक्रिया कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर श्रीमति शशि मिश्रा, मंडी बोर्ड के आंचलिक कार्यालय भोपाल के अपर कलेक्टर, संयुक्त संचालक के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि सहायक संचालक एवं मंडी बोर्ड के कार्यपालन यंत्री तकनीकी संभाग भोपाल क्रं. 01 श्री लक्ष्मण वास्केल के द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि सहा. यंत्री आरपी साहू के साथ मंडी विदिशा के भारसाधक पदाधिकारी एवं विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा और मण्डी सचिव श्रीमति नीलकमल वैध की उपस्थिति में आयोजित की गई। भू-खण्ड नीलामी प्रक्रिया में अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों द्वारा भाग लिया जाकर कुल 13 प्लाट क्रय किये गये हैं। जो इस प्रकार हैं।

08 बाय 15 = 120 वर्ग मीटर के 06 भू-खण्ड प्लाट की कुल विक्रय राशि 1,03,81,100 रूपये प्राप्त हुई। 06 बाय 15 = 90 वर्ग मीटर के 05 भू-खण्ड प्लाट की कुल विक्रय राशि 64,84,100 रूपये प्राप्त हुई। 05 बाय 10 = 50 वर्ग मीटर के 02 भू-खण्ड प्लाट की कुल विक्रय राशि 14,40,400 रूपये प्राप्त हुई। इस प्रकार मंडी समिति विदिशा के नवीन मंडी प्रांगण मिर्जापुर में बहुप्रतिक्षित भू-खण्ड आवंटन नीलामी प्रक्रिया में सभी अवरोधों को दूर करते हुए 13 भू-खण्डों प्लाटों की नीलामी प्रक्रिया में विक्रय करने पर कुल राशि 1,83,05,600 की आय अर्जित हुई है।

## मुशायरा का आयोजन, डॉ. शान फाखरी ने की अध्यक्षता



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज में एक मुशायरा आयोजित किया गया था। इस मुशायरे में सिरोंज के अलावा भोपाल और कोरवाई के शायरों ने हिस्सा लिया, इस मुशायरे की अध्यक्षता डॉ. शान फाखरी साहब ने की मुशायरे में भाषण प्रस्तुत करने वाले शायरों के नाम निम्नलिखित हैं। डॉ. शान फाखरी, इस्माइल साहिल, जफर,, काजी मलिक, नवीद, सुलेमान मजाज, डॉ. जफर सिरोंजी, मोहतर्मा नफीसा सुल्ताना अन्ना, आरिफअली, आरिफसाहब, सुलेमान अजर साहब, डॉ. सादिक अली साहब, डॉ. अनबर आबिद साहब, आसिफसिरोंजी साहब, सरूर हबीब, गौसिया साबिन, खलील असलम कुरेशी, फरहान मंजर, सिराज अहमद, शोएब अली खान शाद, डॉ. अयाज असलम, अतीक अजीम, इलियास रजा और रकीम असद हाशमी ने मुशायरे का संचालन किया।

**मेट्रो एंकर** सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण पर अभी से विभागीय रणनीति तय, बैठक में कई कार्यों की समीक्षा करने के लिए दी जिम्मेदारी

# लंबित आवेदनों की समीक्षा:रणनीति तय कर समाधान करने के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज लंबित आवेदनों की समीक्षा कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में की उन्होंने सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण पर अभी से विभागीय रण नीति तय कर 50 दिवस तक के दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनोंके समाधान हेतु हरेक एसडीएम अपने स्तर पर इस ओर पहल करें और साप्ताहिक निराकरणों के लक्ष्य तय कर अधीनस्थों से कार्योका संपादन कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने लटेरी एसडीएम को दो से तीन पंचायतों के मध्य क्लस्टर बना कर इन में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार सिरोंज में तहसील स्तरीय कैंप लगाने जबकि विदिशा में ग्राम स्तरीय शिविर आयोजित करने पर बल दिया है। इसी प्रकार की अपेक्षा युक्त निर्देश अन्य विभागों को दिए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों का जायजा व निराकरण की अघतन स्थिति से वाकिफहुए हैं। कार्यवाही के निर्देश - कलेक्टर श्री सिंह ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि



जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा आवेदनों का निराकरण ना कर तथ्यों को छुपाने का कार्य किया है ऐसे सभी अधिकारियों को नोटिस जारी कर उन सब से जवाब प्राप्त करें संतुष्टिपूर्वक प्राप्त नहीं होने पर कठोर कार्रवाई करे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि असत्य जानकारी देने पर विभागीय कार्यवाही के साथ साथ एफआईआर भी दर्ज कराऊंगा। विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर समीक्षा जरूर करें और खंड स्तरीय आवेदनों के निराकरण से स्वयं व अन्य को अवगत कराएं, खास कर विभाग प्रमुख को बैठक में बताया गया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के साथ संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती शशि मिश्रा श्रीमती मोहिनी शर्मा समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना तहत सामूहिक वैवाहिक आयोजन छह को पंजीयन की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**सिरोंज।** विदिशा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत विदिशा जनपद पंचायत व नगरपालिका परिषद का संयुक्त सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन छह मार्च को आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम श्रीरामलीला मेला प्रागंण विदिशा में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विदिशा जनपद पंचायत के सीईओ श्री जितेन्द्र जैन ने बताया कि पात्रताधारी युवक-युवतियां विवाह पंजीयन के लिए निर्धारित शर्तो का अनुपालन करते हुए अपना पंजीयन 28 फरवरी तक करा सकते है। शहरी क्षेत्र के आवेदकगण विदिशा नगरपालिका परिषद कार्यालय में वहीं ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक विदिशा जनपद पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन दिवसो अवधि में उपस्थित होकर सुगमतापूर्वक पंजीयन करा सकते है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री क्षितिज शर्मा ने श्री रामलीला प्रागंण में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के संदर्भ में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश ग्राम पंचायतो के सचिवो, पटवारियों व जेआरएस को दिए है।

# यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉलः मौजूदा चैंपियन ने दूसरे लेग में 3-1 से दी शिकस्त



**मैड्रिड. एजेंसी**

स्टार खिलाड़ी किलिएन एम्बापे की शानदार हैट्रिक से मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड ने यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम-16 राउंड में जगह बना ली। रियाल मैड्रिड में खेले गए नॉकआउट राउंड प्लेऑफ के दूसरे लेग में मैनचेस्टर सिटी को 3-1 से करारी शिकस्त दी। पहले लेग में भी रियाल मैड्रिड ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। ऐसे में रियाल मैड्रिड ने कुल 6-3 के स्कोर से जीत हासिल करते हुए खिताब बचाने की ओर कदम आगे बढ़ाए। वहीं, मैनचेस्टर सिटी 2012-13 के बाद पहली बार अंतिम-16 में नहीं पहुंच सकी।

**अकेले एम्बापे विपक्षी पर पड़े भारी:** मैनचेस्टर सिटी की टीम पर अकेले किलिएन एम्बापे भारी पड़े और उन्होंने सभी तीन गोल ठोके। एम्बापे ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त दिला दी। इसके बाद उन्होंने 33वें और 61वें मिनट में गोल दागकर टीम को जीत दिला दी।

## महिला फुटबॉल : भारतीय टीम ने जॉर्डन को 2-0 से दी शिकस्त

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने गुरुवार को यहां पिंक लेडिज कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन को 2-0 से शिकस्त दी। भारतीय टीम की ओर से मिडफील्डर नाओरेम प्रियागंका देवी ने 23वें मिनट में पहला गोल करते हुए बढ़त दिलाई। वहीं, मैच के 54वें मिनट में मनीषा ने गोल करके टीम को 2-0 से आगे कर दिया।

**दूसरी जीत दर्ज की :** भारत और जॉर्डन के बीच यह कुल चौथा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था। इसमें से दो भारतीय टीम ने जबकि एक जॉर्डन ने जीता है। वहीं, एक मैच ड्रॉ रहा है।



# लेवलिंग ने पदार्पण मैच में दागा गोल, जर्मनी क्वार्टरफाइनल में

## 2019 के बाद पहले हाफ में एक भी शॉट नहीं लगा सकी डच टीम

**म्यूनिख. एजेंसी**

जेमी लेवलिंग के पदार्पण मैच में किए गए शानदार गोल की बदौलत जर्मनी ने यूएफा नेशंस फुटबॉल लीग के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जर्मनी ने ग्रुप-ए3 मैच में नीदरलैंड्स को 1-0 से हराया। 23 साल के लेवलिंग ने मैच के 64वें मिनट में गोल किया जो अंततः निर्णायक साबित हुआ। लेवलिंग को जमाल मुसियाला के चोटिल होने पर टीम में शामिल किया गया था। मौका मिलने पर लेवलिंग ने शानदार खेल दिखाया। लेवलिंग ने मैच के दूसरे ही मिनट में गोल कर दिया था, लेकिन उसे वीडियो असिस्टेंट रेफरी समीक्षा में ऑफसाइड करार दे दिया गया। नीदरलैंड्स का इस मैच में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम 2019 के बाद पहली बार किसी मैच के पहले हॉफ में एक भी शॉट गोलपोस्ट तक नहीं पहुंचा पाई। तब पुर्तगाल के खिलाफ मैच में डच टीम विफल रही थी। अब 16 नवंबर को जर्मनी का सामना बोस्निया हर्जेगोविना से और नीदरलैंड्स का की भिड़ंत हंगरी से होगी।

**फ्रांस की बेल्जियम पर दूसरी जीतः** रैंडल कोलो मुआनी के दो गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हरा दिया। नेशंस लीग में यह फ्रांस की बेल्जियम पर दूसरी जीत है। मुआनी ने मैच के 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला और उसके बाद 62वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल दागा। इटली और इजरायल के बीच नेशंस लीग मैच बेहद कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच खेला गया।

# आज ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका का मैच, इतिहास में पहली बार सामना

## चैंपियंस ट्रॉफीः दोनों टीमें पहला मैच जीतीं; बारिश के 67 फीसदी चांस

**रावलपिंडी, एजेंसी**


आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का सातवां मैच आज दो बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया और 1998 की चैंपियन साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार भिड़ेंगी। बारिश मैच में खलल डाल सकती है। आज यहां बारिश के 67 फीसदी चांसेज हैं।

दोनों टीमें इस चैंपियंस ट्रॉफी में अपना-अपना पहला मैच जीतकर आ रही हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड तो साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया था। साउथ अफ्रीका पॉइंट्स टेबल में टॉप पर दोनों टीमों ने 1-1 मैच जीते हैं और दोनों के 2-2 पॉइंट्स हैं। लेकिन, साउथ अफ्रीका बेहतर रन रेट की वजह से ग्रुप-बी के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। आज का मैच जीतने वाली टीम ग्रुप-बी में मजबूत स्थिति हासिल कर लेगी।

वनडे में साउथ अफ्रीका का पलड़ा भारी ओवरऑल वनडे में साउथ अफ्रीका आगे है। दोनों टीमें 110 बार आमने-सामने हुईं। इसमें साउथ अफ्रीका टीम ने 55 और ऑस्ट्रेलिया ने 51 मैच जीते। 3 मैच टाई रहे, जबकि 1 का नतीजा नहीं निकल सका। इंग्लिस ने पहले मैच में शतक लगाया था विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस इस साल ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं। उन्होंने 2 मैचों में 125.66 की स्ट्राइक रेट से 142 रन बनाए हैं। इंग्लिस ने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 120 रन बनाए थे और टीम की जीत में अहम रोल निभाया था। बॉलिंग में शॉन एबट और बेन ड्वारशस दोनों ने 4-4 विकेट लिए हैं। लेकिन एबट कम इकोनॉमी से बॉलिंग करने की वजह से टॉप पर हैं। एबट पहले मैच में नहीं खेले थे, वहीं, ड्वारशस ने उस मैच में 3 विकेट लिए थे।







मुल्डर इस साल टीम के टॉप विकेट टेकर इस साल टीम के लिए सबसे ज्यादा 233 रन मैथ्यू ब्रीट्जके ने बनाए हैं। हालांकि, वे स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। दूसरे नंबर पर कप्तान टेम्बा बावुमा हैं। उन्होंने 3 मैचों में 82.05 की स्ट्राइक रेट से 160 रन बनाए हैं। बॉलिंग में वायन मुल्डर 4 विकेट लेकर टॉप पर हैं। मुल्डर ने पिछले मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 2 विकेट लिए थे।

पिच रिपोर्ट रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए सपोर्टिंग रही है। यहां अब तक 27 वनडे खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 12 और पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने 15 मैच जीते। यहां का हाईएस्ट स्कोर 337/3 है, जो पाकिस्तान ने 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था।

वेदर रिपोर्ट ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका मुकाबले में मंगलवार को बारिश खलल डाल सकती है। इस दिन यहां बारिश के 67 फीसदी चांसेज हैं।



## मेट्रो बाजार

# भारत में इस साल औसत वेतन बढ़ोतरी 9.2% होने की उम्मीद



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में इस साल औसत वेतन बढ़ोतरी 9.2 फीसदी रहने की उम्मीद है। पेशेवर सेवा फर्म एऑन पीएलसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2024 में औसतन 9.3 फीसदी इंक्रीमेंट हुआ था। यानी वेतन बढ़ोतरी में मामूली गिरावट आ सकती है। 2022 से ही इंक्रीमेंट में लगातार गिरावट आ रही है।

अब कंपनियां थोड़ा सतर्क हो गई हैं और वेतन बढ़ाने को लेकर ज्यादा सोच-समझकर फैसले ले रही हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि इस साल कुछ सेक्टर में सैलरी जबरदस्त तरीके से बढ़ने वाली है। 45 उद्योगों में 1,400 से अधिक कंपनियों के डेटा का विश्लेषण करने वाले अध्ययन में पाया गया कि 2024 में भारतीय कंपनियों में नौकरी छोड़ने की दर घटकर 17.7 फीसदी रह गई जो, 2022 में 21.4 फीसदी और 2023 में 18.7 फीसदी थी। एओन में टैलेंट सॉल्यूशंस फॉर इंडिया के पार्टनर और रिवॉर्ड कंसल्टिंग लीडर रूपांक चौधरी ने कहा कि भारत की आर्थिक संभावनाएं स्थिर बनी हुई हैं, ग्रामीण मांग में सुधार और निजी खपत में गति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बाहरी अनिश्चितताओं के कारण भारतीय कंपनियों पर मार्जिन के दबाव को देखते हुए सैलरी में नरमी एक अपेक्षित परिणाम है।

> भारत में इस साल औसत वेतन बढ़ोतरी 9.2 फीसदी होने की उम्मीद
> उद्योगों में 1,400 से अधिक कंपनियों के डेटा का विश्लेषण कर निकाला निष्कर्ष

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का दूसरा फेज 25 क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने का मिल रहा मौका

**मुंबई, एजेंसी**

पीएम इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के तहत देशभर की दिग्गज कंपनियां 1.25 लाख से अधिक युवाओं को अपने यहां इंटर्नशिप मुहैया कराएंगी। इसके लिए कंपनियों ने युवाओं से आवेदन मांगे हैं। युवा पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कंपनियों की तरफ से इंटर्नशिप पदों के लिए पहले भी आवेदन मांगे जा चुके हैं। अब सवा लाख नए इंटर्नशिप के मौके आए हैं। अब शैक्षिक व अन्य जरूरी योग्यता रखने वाले युवा 12 महीने की

### इंटर्नशिप के सवा लाख से अधिक मौके

इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। कुल 25 क्षेत्र की कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। इनमें बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, सिविल एविएशन, कृषि, फार्मा, जेम्स एंड ज्वैलरी, आइटी, हाउसिंग, पेट्रोलियम, एफएमसीजी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर डालें और फिर मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर पंजीकरण शुरू करें। देश के 740 से अधिक जिलों में युवाओं को इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। आवेदन के लिए उम्र सीमा 21 से 24 वर्ष है। 12 महीने की इंटर्नशिप के लिए चयनीत होने वाले युवाओं को प्रति माह 5,000 रुपया दिया जाएगा, जिसमें से 4500 रुपए केंद्र सरकार देगी। जबकि 500 रुपया कंपनी सीएसआर फंड से खर्च करेगी। चयनित युवाओं को एकमुश्त 6,000 रुपए भी दिए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप उपलब्ध करने का है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# बेटी को अपनी व रणबीर की खास फिल्म दिखाना चाहती हैं आलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अल्फा स्पाई थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में आलिया के साथ मुंजा अभिनेत्री शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इसके अलावा आलिया लव एंड वॉर को लेकर भी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया ने अभी तक अपने बॉलीवुड करियर में कई बेहतरीन फिल्में कर चुकी हैं। लेकिन एक फिल्म ऐसी भी है, जो उनके हिसाब से ज्यादा बेहतर तो नहीं है, लेकिन फिर भी वह चाहती हैं कि इस फिल्म को उनकी और रणबीर कपूर की बेटी राहा कपूर तब देखे जब वह बड़ी हो जाएं। इसके अलावा आलिया चाहती हैं कि रणबीर की यह एक खास फिल्म रहा जरूर देखें। आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उन्हें अपनी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में अपने अभिनय पर ज्यादा पसंद नहीं है और ना ही इस फिल्म को लेकर उन्हें कोई गर्व महसूस होता है, लेकिन वह चाहती हैं कि उनकी बेटी राहा इस फिल्म के मजेदार गानों और डांस सींस के लिए यह फिल्म बड़ी होकर एक बार जरूर देखें। करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर ने भले ही आलिया भट्ट को बॉलीवुड में स्टारडम दिलाया हो, लेकिन यह ऐसी फिल्म नहीं है जिसमें उन्हें अपने अभिनय पर गर्व हो। हालांकि, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत में खुलासा किया कि यह वह फिल्म है जिसे वह चाहती हैं कि उनकी बेटी राहा सबसे पहले देखे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब इंटरव्यू में आलिया से पूछा गया कि वह राहा को बड़ी होने पर कौन सी फिल्में दखाना चाहेंगी। आलिया ने अपनी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर को चुना। उनका मानना है कि इस फिल्म में काफी मनोरंजक गाने और डांस सीक्वेंस राहा के लिए एकदम सही होंगे। आलिया ने कहा, मैं चाहती हूं कि राहा स्टूडेंट ऑफ द ईयर फिल्म देखें क्योंकि यह सबसे कम उम्र की और सबसे ज्यादा मजेदार फिल्म है, जिसे कोई बच्चा देख सकता है। यह मेरी पहली फिल्म थी। हालांकि, मुझे इसमें अपने अभिनय पर बहुत गर्व नहीं है, लेकिन यह गानों से भरपूर है, और मुझे लगता है कि वह वाकई में इसका आनंद लेगी। जब उनसे पूछा गया कि वह राहा को रणबीर कपूर की कौन सी फिल्म दिखाना चाहेंगी, तो आलिया ने कहा, मैं चाहती हूं कि राहा अपने पापा रणबीर कपूर की फिल्म बर्फी देखें। मुझे लगता है कि यह बच्चों के लिए बहुत ही सही फिल्म है... हां, बर्फी एक अच्छा ऑप्शन है। आलिया ने 19 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी।

# अच्छा पिता बनने की कोशिश कर रहे हैं वरुण धवन, कहा-बेटी के साथ खेलना है पसंद



वरुण धवन जून 2024 में अपनी बेटी के जन्म के साथ पिता बनें। अभिनेता ने अपनी बेटी के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। हालांकि, एक साक्षात्कार में उन्होंने साझा किया कि एक पिता के रूप में वह अभी चीजों को समझ रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि वह हर नए पिता की तरह अपनी बेटी के लिए जिम्मेदार बनने की कोशिश कर रहे हैं। बेटी के जन्म से पहले वरुण धवन को कई बार यह इच्छा जताते हुए सुना गया कि वह एक बेटी के पिता बनना चाहते हैं। उनका यह सपना 3 जून को पूरा हुआ। उन्होंने अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ एक बेटी का स्वागत किया। हालांकि, इस जोड़ी ने अभी तक अपनी बेटी के नाम की भी सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में अभिनेता ने अपने पिता बनने के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं अभी भी यह समझ रहा हूं कि मुझे कितना जिम्मेदार होना चाहिए, या मैं अभी भी कितना बच्चा हो सकता हूं। मुझे लगता है कि पुरुषों को इससे गुजरना पड़ता है।' वरुण ने बताया कि उनकी पत्नी नताशा उनकी छोटी बेटी के लिए हर काम करती हैं और इसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। अपने मजाकिया अंदाज में धवन ने बताया, 'शुरू में महिला ही व्यावहारिक रूप से हर काम करती है फिर पुरुष आता है और उपयोगी बन जाता है।' हालांकि, किसी भी अन्य पिता की तरह, अभिनेता को भी अपनी बेटी के साथ खेलना अच्छा लगता है। वरुण हर दिन एक पिता के रूप में बेहतर होने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# राजकुमार राव क्रिकेट टीम के दादा का रोल निभाएंगे, गांगुली की बायोपिक में दिखेंगे

राजकुमार राव जल्द ही अपकमिंग बायोपिक फिल्म में पूर्व भारतीय क्रिकेट कैप्टन सौरव गांगुली की भूमिका में नजर आएंगे। काफी समय से हीरो को लेकर चर्चा हो रही थी कि ऑन-स्क्रीन सौरव की भूमिका में कौन नजर आएगा। अब खुद क्रिकेटर ने अनाउंस किया है कि बड़े पर्दे पर उनकी भूमिका राजकुमार राव अदा करेंगे। पश्चिम बंगाल के बर्धमान में मीडिया से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा, 'जो मैंने सुना है, उसके अनुसार राजकुमार राव लीड रोल निभाएंगे, लेकिन डेट को लेकर इश्यू है। इसलिए इस बायोपिक फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने में एक साल से ज्यादा का समय लग जाएगा।' सौरव गांगुली को क्रिकेट का महाराज बुलाया जाता है। भारतीय टीम में दादा के नाम से फेमस सौरव गांगुली ने भारत के लिए 311 वनडे मैच खेले हैं और 113 टेस्ट मैच खेलें हैं। वह प्रेसिडेंट और अब तक के सबसे कामयाब कैप्टन रह चुके हैं। सौरव गांगुली ने 13 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। यह बायोपिक फिल्म फिलहाल शूटिंग के स्टार्टिंग फेज में है। लेकिन इसकी अनाउंसमेंट के बाद से एक्टर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि मेकर्स ने फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी है। फिल्म के नाम और अन्य कलाकारों का नाम भी अभी नहीं बताया गया है। बात करें राजकुमार राव की तो इस साल एक्टर के पास कई फिल्में हैं। सौरव गांगुली की बायोपिक में लीड रोल निभाने के अलावा वह कुछ फिल्मों में कॉमेडी करते नजर आएंगे। हाल ही में राजकुमार की अपकमिंग फिल्म भूल चूक माफ का टीजर रिलीज हुआ है। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी भी लीड रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा एक्टर के पास फिल्म मालिक है, जिसमें वह एक्शन करते हुए नजर आएंगे। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### राजधानी में वारदातों का सोमवार, कॉम्प्लेक्स के बाहर फुटपाथ पर मिला शव

# गौतम नगर में पत्थर से युवक का सिर कुचलकर की हत्या

**पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे अधिकांश खराब मिले, अज्ञात पर केस**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित बैरसिया रोड के चिनार कॉम्प्लेक्स में अज्ञात हत्यारे ने एक युवक के सिर पर पत्थर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। घटना रविवार रात की बताई जा रही है। सोमवार तड़के पुलिस को सूचना मिली थी।

पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कांप्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो पता चला कि अधिकतर सीसीटीवी कैमरे खराब है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलतः विदिशा निवासी वसीम पिता नसीर खान (38) चिनार कॉम्प्लेक्स के पास दुकानों के सामने रहता था और कबाड़ा बीनकर अपना गुजारा करता था। उसके साथ कबाड़ा बीनने वाले ने सोमवार तड़के पुलिस को सूचना दी कि वसीम की लाश चिना कॉम्प्लेक्स में पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लाश पीएम के लिए भेज दी।

### नशे का आदी था मृत युवक

पुलिस ने वसीम के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह नशे का आदी था। अनुमान है कि नशे में उससे किसी का विवाद हुआ था। विवाद में सिर कुचलकर हत्या की गई है। पुलिस ने खून से सना पत्थर भी जब्त किया है।

### महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित होली फैमिली स्कूल के पास झुग्गीस्ती में रहने वाली 48 साल की महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात बेहोशी की हालत में उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृत्युपूर्व बयान नहीं होने के कारण फिलहाल कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया था। परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए बारा राजस्थान के लिए रवाना हो गए थे। पुलिस के मुताबिक होली फैमिली स्कूल के पास झुग्गीबस्ती गांधी नगर निवासी सादिकन बी पत्नी शौकत खान (48) ने शनिवार रात घर में रखा जहरीला पदार्थ पी लिया था। हालत बिगड़ने पर पति को इसकी जानकारी हुई। पति समेत परिजन गंभीर हालत में सादिकन बी को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां चले इलाज के बाद अगले दिन महिला की मौत हो गई। पुलिस का कहना कि बारा राजस्थान से लौटने के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### अज्ञात कार की टक्कर से युवक की मौत

**बिट्टन मार्केट के पास लिंक रोड नंबर तीन पर पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर हुआ हादसा**

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित बिट्टन मार्केट से काम कर चार इमली जा रहे युवक को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसा शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब डेड़ बजे के आसपास का है। उसे गंभीर रूप से घायल होने के बाद हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन उसे हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान दोपहर करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार अंकित सेन पिता प्रीतम सेन (21) मूलतः गांव बरतलई, तहसील बटियागड़, दमोह का रहने वाला था। वह चार इमली में सर्वेंट क्वार्टर में रिश्तेदार के घर रहता था और बिट्टन मार्केट में सब्जी की दुकान पर काम करता था। शनिवार को मार्केट था और वह काम करने के बाद देर रात करीब डेड़ बजे पैदल चार इमली की तरफ जा रहा था। इस दौरान पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर अज्ञात कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से उसे गंभीर चोट आई थी। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं।

## दुकान पर विवाद से रोका तो पिता-पुत्र पर तलवार से वार

भोपाल। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी दुकान के सामने विवाद कर युवकों को रोकना पिता पुत्र को महंगा पड़ गया। इस बात से नाराज युवकों ने पिता पुत्र से मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। घटना रविवार शाम 6 बजे के आसपास की है। पुलिस ने हमलवारो पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू करती है। इधर तलवार से हमला होने के कारण पिता पुत्र को गंभीर चोट आई है उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार सुभाष कॉलोनी निवासी 66 साल के मदन मोहन शर्मा की घर के सामने पांच दुकानें हैं। इन दुकानों में एक टीवी रिपेयरिंग की भी दुकान है। रविवार शाम उनकी दुकान के सामने आरिफ और उसके साथी आपस में विवाद कर रहे थे। विवाद बढ़ने पर वह एक दूसरे पर पथराव करने लगे। पथराव में कुछ पत्थर दुकान पर आकर लगने लगे। इस पर मदन मोहन के बेटे राकेश शर्मा ने उन्हें आपस में नहीं लड़ने का कहा। समझाइश देने पर आरिफ और उसके साथ मौजूद अमन ने राकेश के साथ गालीगलोज की और वहां से चले गए। करीब 15-20 मिनट बाद आरोपी एक बार फिर राकेश राकेश की दुकान के सामने पहुंचे और गालीगालोज करने लगे। विवाद होता देख मदन मोहन और उनका परिवार दुकान के पास पहुंच गया। इस दौरान आरोपियों ने मदन मोहन शर्मा और राकेश शर्मा के साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। तलवार लगने से मदन मोहन की अंगुलियां कट गई। जबकि राकेश को सिर में वह हाथ में तलवार से चोट लगी है। पिता और भाई के साथ मारपीट होती देख सनी शर्मा भी पहुंचा था जिसे भी सिर वा हाथ में तलवार से चोट आई है।

## रात में घर का खुला रहा दरवाजा, दो मोबाइल और पर्स ले गए अज्ञात

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नीलकंठ कॉलोनी विश्वकर्मा नगर में खुले मकान में घुसे बदमाश ने दो मोबाइल और पर्स चुरा लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत बीस हजार रुपए है, जबकि पर्स में चार हजार रुपए की नगदी थी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार देवकी उइके पति हिम्मी लाल उइके (45) नीलकंठ कालोनी, फेस टू, विश्वकर्मा नगर में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह गृहणी है। शनिवार रात करीब 11 बजे वह अपने कमरे में थी, जबकि बच्चे दूसरे कमरे में जाकर सो गए। इस दौरान गलती से कमरे का दरवाजा खुला रह गया। रविवार सुबह करीब पौने छह बजे उनकी नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने अलमारी चेक की तो उसमें रखा पर्स नहीं था। पर्स में 4 हजार रुपए की नगदी थी, जो कोई बदमाश चुराकर ले गया।

## धमाके से धूं...धूं...धूं... कर जली बस



**भोपाल। मंगलवार को कमला नगर थाना क्षेत्र के वैशाली नगर टॉप एंड टाउन के पास शारदा विद्या मंदिर स्कूल की बस में अचानक हुए धमाके के साथ आग लग गई। इस हादसे में बस पूरी तरह जलकर खाक में बदल गई। चूंकि बस के पिछले हिस्से में धधकी आग हादसा है या फिर कोई साजिश, जांच के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा। गनीमत यह रही कि बस आगजनी की घटना सुबह स्कूल समय नहीं हुई यदि ऐसा होता तो हो सकता था बड़ा हादसा।**

## कचरा फेंकने गई महिला के पेट व सीने में घोंपी नुकीली लकड़ी, हालत नाजुक

**50 क्वार्टर इलाके में महिला के घर से कुछ दूरी पर हुई वारदात, अज्ञात आरोपी हमला कर हुआ फरार**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित 50 क्वार्टर में घर से कुछ दूरी पर रविवार शाम नाले में कचरा फेंकने गई महिला से अज्ञात आरोपी द्वारा मारपीट और उस पर नुकीली लकड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। नुकीली लकड़ी गर्दन, पेट और सीने में लगने से उसे गंभीर चोट आई है। उसका एम्स में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात हमलावर पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंदिर के पास 50 क्वार्टर पिपलानी निवासी मीरा देवी पत्नी सुनील कुमार (27) गृहणी हैं, जबकि पति एम्स में माली का काम करता है। रविवार शाम करीब साड़े पांच बजे मीरा अपने घर के पीछे नाले में कचरा फेंकने गई थीं। इस दौरान नालके पास 30-35 साल का एक युवक बैठा नजर आया। उसने मीरा को देखकर कुछ कहा। मीरा ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया, पर उसकी नजर युवक पर पड़ी और उसने घर के पीछे न बैठने की बात कही। इस पर वह भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। मीरा ने उसे गाली देने से मना किया तो वह भड़क गया।


उसने मीरा को नाले में पटक दिया और लात घूंसो से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच वहां पड़ी नुकीली लकड़ी युवक के हाथ लग गई। उसने नुकीली लकड़ी से मीरा के गले, पेट और सीने पर हमला कर दिया। मीरा की चीख पुकार सुनकर पति व पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे थे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से भाग चुका था।

### इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है इलाज

मीरा के पति सुनील कुमार का कहना है कि मीरा को गंभीर चोट है और वह घबराई हुई भी है। पूरी तरह होश में नहीं होने के कारण कुछ कह नहीं है, लेकिन उसने यह जरूर बताया था कि वह आरोपी का चेहरा देखकर उसे पहचान लेगी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी नीले रंग की जैकेट व सफेद जींस पहने हुए था। वह लंगड़ाकर दौड़ रहा था। पति-पत्नी दोनों ही आरोपी को नहीं पहचानते। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

## अड़ीबाज बदमाश ने 60 वर्षीय बुजुर्ग पर किया चाकू से प्रहार

**शराब के लिए मांग रहा था पैसे, इनकार करने पर मारा चाकू**



**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित प्रताप नगर इलाके में बदमाश ने अपने साथियों के साथ 60 साल के बुजुर्ग के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी शराब पीने के लिए पैसों की अड़ी डाल रहे थे। इनकार करने पर हमला कर फरार हो गए। आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। प्रताप नगर श्यामला हिल्स निवासी नरेन्द्र सिंह (60) छत्तीसगढ़ के रायपुर में नौकरी करते हैं। विगत 22 फरवरी की रात सवा 8 बजे वह गांधी भवन के पास अपने घर जा रहे थे। तभी गली में प्रताप नगर के रहने वाले मोहसिन उर्फ पलीत ने अपने दोस्तों के साथ उन्हें रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी मोहसिन ने नरेन्द्र सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। उनके गाल के ऊपर आंख के पास चाकू लगने से गंभीर चोट आई है। उसी दौरान मोहसिन के दोस्त ने भी बुजुर्ग के साथ मारपीट की। तभी शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया। लोगों को आता देख बदमाश वहां से भाग खड़े हुए। जाते-जाते धमकी दी कि यदि दोबारा शराब के लिए पैसे देने से मना किया तो जान से खत्म कर देंगे। गंभीर रूप से घायल नरेन्द्र सिंह को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चाकूबाजी व अड़ीबाजी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** जीआरपी थाना पुलिस ने सभी मामले दर्ज कर अपराधियों की तलाश शुरू की

## स्टेशन से रेलकर्मी, कैंसर पीड़ित समेत कई के मोबाइल चोरी

**रेलवे की ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी का 52 हजार रुपए का मोबाइल ले उड़े अज्ञात बदमाश**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे रेलकर्मी का अज्ञात चोर ने मोबाइल चुरा लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 52 हजार रुपए बताई जा रही है।

इसी प्रकार छतरपुर से भोपाल कैंसर का इलाज कराने आए मरीज का मोबाइल और तीन हजार रुपए की नगदी रेलवे स्टेशन पर चोरी हो गई। इन चोरियों के अलावा भी अन्य यात्रियों के मोबाइल चोरी हुए है। जीआरपी ने सभी प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार होशंगाबाद रोड निवासी संजीव कुमार बाजपेयी रेलवे में नौकरी करते हैं। विगत दिवस उनकी ड्यूटी भोपाल स्टेशन पर गली थी। वे चेकिंग में लगे थे। इस दौरान अपना सैमसंग कंपनी का 52 हजार रुपए का मोबाइल पेंट की जेब में रखा था। इस दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया।

इधर, छतरपुर निवासी दुर्गा ने शिकायत करते हुए बताया कि वे महामना एक्स से यात्रा कर छतरपुर से भोपाल आए। उन्हें कैंसर अस्पताल इलाज कराने जाना था। वे प्लेटफार्म नंबर-6 पर सो गए। सुबह उठकर उन्हें अस्पताल जाना था। नींद खुली तो पता चला कि जेब में रखा मोबाइल और तीन हजार रुपए की नगदी चोरी हो चुकी थी। उन्होंने तत्काल जीआरपी थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत की।

### प्लेटफार्म नंबर छह पर एक अन्य यात्री का मोबाइल गुमा

बुरहानपुर निवासी गोविंद पवार ने शिकायत करते हुए बताया कि वह नेपानगर जाने के लिए भोपाल के प्लेटफार्म नंबर-6 पर पहुंचे। ट्रेन न होने के कारण वह प्लेटफार्म नंबर-6 के मुसाफिर खाना में मोबाइल देख रहे थे। इस दौरान उनकी नींद लग गई। जब नींद खुली तो उनका मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 11 हजार रुपए बताई जा रही है।

### मुंबई एक्सप्रेस में चढ़ते समय यात्री का मोबाइल पार

जीआरपी रानी कमला पति में मुंबई एक्सप्रेस में चड़ते समय यात्री का मोबाइल चोरी हो गया। यात्री मनोज दुबे ने जीआरपी कमलापति में शिकायत करते हुए बताया कि वह मुंबई एक्सप्रेस में प्लेट फार्म नंबर-4 से नर्मदापुरम की यात्रा कर रहे थे। यात्री करने वह सामने वाले जनरल कोच में चड़ने लगी। इसी बीच भीड़ का फायदा उठाकर उनकी जेब से किसी ने मोबाइल चुरा लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपए बताई जा रही है। फिलहाल रेल पुलिस बल के द्वारा मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022